

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा



रांची, सोमवार, 27 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख शुक्ल 11 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 222, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ अमेरिका-ईरान युद्ध: ट्रंप के लिए निगलते बने न उगलते...

मालविका मोहनन घर और परिवार से दूर रहने की वजह से मै अकेलापन ... ◂◂ 6


# शादी समारोह से घर लौट रहे दो व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत, दो गंभीर



**संवाददाता**

**हजारीबागः** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डेमोटांड़ में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पूरा परिवार शादी समारोह में हिस्सा लेने पटना गया था। लौटने के क्रम में यह घटना घटी है। पूरा परिवार रांची बीआईटी का रहने वाला है।

घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स किया गया रेफरः हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्मल सिंह ढाबा के आगे सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई है। मृतकों में चंदन कुमार और उसकी मां विद्या देवी शामिल हैं। मृतक चंदन कुमार की पत्नी अंकिता देवी और उसके पिता महावीर प्रसाद गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका प्रारंभिक इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया गया फिर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

**परिवार पटना से रांची लौट रहा था**

मृतक के पड़ोसी विशाल कुमार ने बताया कि परिवार पटना शादी समारोह में शामिल होने गया था। बीती रात यानी रविवार को समारोह समाप्त होने के बाद परिवार वापस अपने घर रांची बीआईटी लौट रहा था।

## लोको पायलट की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

जमशेदपुर : जिले के बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैफिक कॉलोनी के पास अज्ञात अपराधियों ने एक लोको पायलट की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान आदित्यपुर के रहने वाले जीके गौतम के रूप में हुई है। यह घटना देर रात की है। मिली जानकारी के मुताबिक आदित्यपुर के रहने वाले जीके गौतम रेलवे में लोको पायलट थे। रविवार देर रात वह मालगाड़ी लेकर टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन से निकलकर वह संयुक्त चालक और परिचालक लॉबी जा रहे थे। इसी दौरान लॉबी के बाहर घात लगाए बैठे बाइक सवार अपराधियों ने उसे दो गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।



इधर, गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके बाद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। बागबेड़ा थाना प्रभारी के साथ सीटी एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौजूद लोगों से पूछताछ कर घायल जीके गौतम को टीएमएच अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों में आक्रोश है। मामले में सीटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार दो की संख्या में अपराधी थे। पुलिस इस घटना के पीछे का कारण पता लगा रही है। लोको पायलट जमीन कारोबार से जुड़े होने की भी जानकारी मिली है। इस बिंदु पर भी जांच की जा रही है। मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

राज्य की बैंकिंग और ट्रेजरी व्यवस्था में करोड़ों की फर्जी निकासी का खुलासा

## बोकारो एसपी कार्यालय के अकाउंट सेक्शन से एक होमगार्ड जवान गिरफ्तार

**रांची/बोकारो :** झारखंड के सरकारी महकमों में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। राज्य की बैंकिंग और ट्रेजरी व्यवस्था में सेंध लगाकर करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी का खुलासा हुआ है। इस मामले में सीआईडी की विशेष जांच टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोकारो एसपी कार्यालय के अकाउंट सेक्शन से एक होमगार्ड जवान को गिरफ्तार किया है। बोकारो एसपी कार्यालय के अकाउंट सेक्शन में पदस्थापित एक होमगार्ड जवान को फर्जी तरीके से वेतन निकासी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी की इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग के अकाउंट सेक्शन और ट्रेजरी कार्यालयों में हड़कंप मच गया है। कई अन्य कर्मी भी जांच के रडार पर हैं। गिरफ्तार जवान से पूछताछ जारी है, जिससे इस बड़े सिंडिकेट के अन्य चेहरों का खुलासा होने की उम्मीद है।

# कोलंबिया में राष्ट्रपति चुनाव से पहले बम विस्फोट, 19 लोगों की मौत, 38 घायल

**एजेंसी**

**बोगोटा (कोलंबिया) :** कोलंबिया में राष्ट्रपति चुनाव से पहले हुए बम विस्फोट में कम से कम 19 लोगों की जान चली गई। मृतकों में पांच बच्चे भी शामिल हैं। इस धमाके में 38 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यह धमाका देश के दक्षिण-पश्चिमी कोका (काउका) क्षेत्र में पैन-अमेरिकन हाइवे पर शनिवार को हुआ। देश में 31 मई को राष्ट्रपति चुनाव होना है।

कोलंबिया वन डॉट कॉम और सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह धमका व्यस्त सड़क पर बम फटने से हुआ है। इस विस्फोट में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 38 लोग घायल हो गए। मृतकों में पांच बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों



का मानना है कि यह आतंकी हमला है। इस सप्ताहांत हुए आतंकवादी हमलों ने देश को दहला दिया। काउका के गवर्नर ऑक्टेवियो गुजमैन ने एक्स पोस्ट में कहा, ₹पैन-अमेरिकन हाइवे पर काजीबियो के एल टनल इलाके में आम नागरिकों को निशाना बनाकर यह बम धमाका किया गया। सूचना मिलते ही कोलंबिया के रक्षामंत्री पेड्रो सांचेज मौके पर पहुंचे। गवर्नर ने कहा कि अधिकारी गंभीर स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर की एक सुरक्षा परिषद का गठन कर रहे हैं।अधिकारियों के अनुसार, एल ट्यूनेल, एल टैम्बो, कैलोटो, पोपायान, गुआचेने, मर्कडेरेस और मिरांडा में भी धमाके होने की सूचना मिली हैं। कोलंबियाई सैन्य बलों के जनरल कमांडर ह्यूगो अलेजांद्रो लोपेज बैरेटो ने धमाकों को ₹हमलों की खतरनाक लहर₹ बताया है। सोशल मीडिया पर वायरल धमाके के बाद के वीडियो में सड़क के बीचों-बीच एक गहरा गड्ढा और क्षतिग्रस्त वाहनों के साथ शव नजर आ रहे हैं। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस हमले के लिए कुख्यात फार्क (कोलंबिया रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस) के विद्रोही गुट और उनके सरगना इवान मोरडिस्को ( नेस्तोर ग्रेगोरियो वेरा फर्नांडीज) को जिम्मेदार ठहराया है।

बैरकपुर में रैली के दौरान बोले पीएम मोदी –

## अब मैं बंगाल 4 मई के बाद बीजेपी के शपथ ग्रहण में आऊंगा

**बैरकपुरः** पीएम मोदी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले बैरकपुर में रैली को संबोधित कर रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के माहौल को देखकर मुझे लग रहा है कि मैं भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान फिर से आऊंगा।



कोयला खदानों में काम करने वाले मजदूरों का मामला

## झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई की शुरू

✔ खदान में काम करने वालों के स्वास्थ्य और जीवन से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सुप्रीम कोर्ट





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची/नई दिल्लीः** कोयला खदानों में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल के वर्षों में अत्यंत सख्त रुख अपनाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि खदान में काम करने वालों का जीवन और स्वास्थ्य सबसे ऊपर है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों के हाई कोर्ट को मॉनिटरिंग का आदेश दिया था, जिसके तहत झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की है।

हाईकोर्ट ने रिपोर्ट पर जताया असंतोषः आज मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद एवं न्यायाधीश संजय प्रसाद की पीठ ने मुख्य कारखाना निरीक्षक को तलब किया है और उन्हें अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। हालांकि सरकार की ओर से प्रमुख कोयला खदानों और कारखानों का निरीक्षण एवं समीक्षा रिपोर्ट अदालत में पेश की गई, लेकिन अदालत ने इस पर असंतोष जाहिर किया है। अदालत ने सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन, अवैध खनन पर रोक, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने, ठेका मजदूरों के नियमितीकरण, न्यूनतम मजदूरी और कल्याणकारी सुविधाओं जैसे

# झारखंड ई-रेवेन्यू कोर्ट : 80% मामलों का निपटारा कर सिमडेगा और कोडरमा ने मारी बाजी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल ई-रेवेन्यू कोर्ट अब परिणाम देने लगा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में कुल दर्ज मामलों में से लगभग 79.52 फीसदी का निष्पादन किया जा चुका है। हालांकि, राजधानी रांची में अभी भी काफी संख्या में मामले लंबित हैं।

क्या कहते हैं आंकड़ेः राज्य सरकार द्वारा जारी सर्टिफिकेट केस रिपोर्ट के अनुसार, कुल 2,73,974 मामले दर्ज किए गए। इसमें से 2,17,871 मामले निष्पादित कर दिए गए। आज की तारीख में 56,103 मामले लंबित हैं। राज्यभर में औसत निष्पादन दर 79.52 फीसदी रहा हैं। सिमडेगा सबसे आगेः केस निष्पादन के



मामले में सिमडेगा पूरे राज्य में टॉप पर है। सिमडेगा में 97.47 फीसदी मामलों का निपटारा किया जा चुका है, जो सबसे बेहतर प्रदर्शन है। इसके बाद पाकुड़ (94.18%), कोडरमा (94.14%) और लातेहार (94.01%) का स्थान आता है। जहां छोटे जिले बेहतर कर रहे हैं, वहीं कुछ जिलों में अभी भी काफी काम बाकी है। सबसे अधिक पेंडेंसी प्रतिशत जामताड़ा में है, जहां लगभग 48.33% मामले अभी भी लंबित हैं। राजधानी रांची का बोझः राज्य में सबसे अधिक केस लोड राजधानी रांची पर है। यहां कुल 83,485 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 63,898 का निष्पादन हो चुका है। रांची में पेंडेंसी का प्रतिशत 23.46% है। बड़ी संख्या होने के बावजूद 76% से अधिक का निष्पादन सराहनीय माना जा रहा है।

**किस जिले में कितने मामले**

रांची में कुल 83,485 मामले आए, इसमें 76.54% का निष्पादन कर दिया गया। 23.46 मामले लंबित हैं। हजारीबाग में 235.5 मामले आए, इसमें 75.59 फीसदी मामलों का निपटारा हो चुका है, 24.41 फीसदी मामले फिलहाल लंबित हैं। धनबाद में 12005 मामले आए, इसमें 73.32 फीसदी मामलों का निपटारा हुआ है, 26.68 फीसदी मामले अब तक लंबित हैं। इसी तरह देवघर में 9498 मामलों में से 65.45 मामलों का निपटारा हो चुका है। पलामू में 7213 मामलों में सले 91 I50 फीसदा मामलों का निपटारा हो चुका हैं। 8.50 फीसदी मामले ही लंबित हैं।

राज्यसभा में बड़ा उलटफेर

## आप के 7 सांसदों का बीजेपी में विलय, सभापति ने दी मंजूरी, 113 हुई भाजपा की ताकत



**एजेंसी**

नई दिल्लीः भारतीय राजनीति के गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भारतीय जनता पार्टी में विलय को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है। इस विलय के साथ ही उच्च सदन में भाजपा की स्थिति और मजबूत हो गई है, जहाँ उनकी सदस्य संख्या अब बढ़कर 113 पहुँच गई है। राज्यसभा सचिवालय ने भी इस कदम की पुष्टि करते हुए एक आधिकारिक नोटिस जारी किया है। राज्यसभा के आधिकारिक रिकॉर्ड में, अब ये सभी सातों सांसद बीजेपी के हिस्से के तौर पर दर्ज हैं। इसके साथ ही, राज्यसभा में बीजेपी की ताकत अब बढ़कर 113 हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सांसद – राघव चड्ढा, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप कुमार पाठक, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता – ने 24 अप्रैल को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। यह शामिल होने की प्रक्रिया बीजेपी प्रमुख नितिन नवीन और वरिष्ठ नेता तरुण चुघ की मौजूदगी में पूरी हुई।

# बंगाल में वोटिंग से पहले मिले 79 बम, गृह मंत्रालय ने एनआईए को सौंपी जांच की जिम्मेदारी

**एजेंसी**

**दक्षिण 24 परगनाः** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में भारी मात्रा में कच्चे बम मिलने से पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता और राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठक्अ) को सौंप दी है। गृह मंत्रालय का निर्देश मिलते ही एनआईए ने मोर्चा संभाल लिया है और अब इस पूरे मामले की आतंकी एंगल से जांच शुरू कर दी गई है। जी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला भांगौर डिवीजन के अंतर्गत उत्तर काशीपुर थाना क्षेत्र का है, जहां 25 अप्रैल 2026 को कोलकाता पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। कब्रिस्तान के पास छिपाकर रखे गए थे 79 बमः पुलिस को एक विश्वसनीय सूत्र





से गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दौरान एक कब्रिस्तान के पास स्थित मकान से जूट की रस्सियों से बंधी 79 गोल आकार की वस्तुएं बरामद हुईं, जो पूरी तरह से कच्चे बम थे। इसके अलावा मौके से बम बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी भारी मात्रा में बरामद की गई है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि अज्ञात अपराधियों ने किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के मकसद से इन विस्फोटकों को इस सुनसान जगह पर छिपाकर रखा था। एनआईए ने दर्ज की नई एफआईआर, रची जा रही थी बड़ी साजिशः गृह मंत्रालय से हरी झंडी मिलने के बाद एनआईए ने 26 अप्रैल को इस मामले में नई एफआईआर दर्ज कर ली है। प्राथमिक जांच में इस बात के साफ संकेत मिले हैं कि यह विस्फोटकों का भंडारण किसी सुनियोजित आतंकी साजिश का हिस्सा हो सकता है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों के बीच दहशत फैलाना था। एनआईए अब इस बात की गहराई से पड़ताल कर रही है कि इन बमों को बनाने के पीछे कौन सा नेटवर्क काम कर रहा है और इसकी फंडिंग कहां से हो रही थी। गौरतलब है कि मार्च 2026 में भी भांगड़ इलाके में हुए एक बम विस्फोट में एक व्यक्ति की जान जा चुकी है, जिसके कारण जांच एजेंसियों की चिंता और ज्यादा बढ़ गई है।

टीएमसी कार्यकर्ता के घर के पीछे फिर मिले जिंदा बमः इस खौफनाक बरामदगी के बीच भांगड़ विधानसभा क्षेत्र के चेलेगोयलिया इलाके से एक और सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां पुलिस ने एक टीएमसी कार्यकर्ता के घर के पीछे स्थित बगीचे में तलाशी अभियान के दौरान एक बैग से 9 जिंदा बम बरामद किए हैं। इस घटना के बाद से राजनीतिक माहौल भी पूरी तरह गरमा गया है। आईएसएफ (क्रत्त्) ने टीएमसी पर इलाके में अशांति फैलाने के लिए बम जमा करने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, टीएमसी ने पलटवार करते हुए इसे आईएसएफ की साजिश करार दिया है। फिलहाल इलाके में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल और पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती कर दी गई है और बम निरोधक दस्ता मामले को शांत करने में जुटा है।

# ईरान ने अमेरिका को भेजा नया 'शांति प्रस्ताव', होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पेशकश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य और आर्थिक गतिरोध के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, ईरान ने पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिए अमेरिका को एक नया शांति प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य परमाणु विवाद पर उलझने के बजाय पहले तत्काल तनाव कम करना और वैश्विक तेल मार्ग, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलना है।

ईरान के प्रस्ताव का एक अहम हिस्सा कथित तौर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलना है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। ईरान चाहता है कि परमाणु वाताओं जैसे ज्यादा मुश्किल विषयों पर आगे बढ़ने से पहले नाकाबंदी हटा दी जाए और सामान्य जहाजरानी फिर से शुरू हो जाए। ईरान के भीतर कोई स्पष्ट सहमति नहींः ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मध्यस्थों को





बताया कि अमेरिका की मांगों पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए, इस पर ईरान के भीतर अभी भी कोई स्पष्ट सहमति नहीं है। इस आंतरिक मतभेद ने वाताओं में प्रगति को धीमा कर दिया है। यूएस ने अभी तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया हैः व्हाइट हाउस को प्रस्ताव मिल गया है, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह इसे स्वीकार करेगा या अस्वीकार। वर कई सालों से ईरान से यूरेनियम संवर्धन रोकने और देश से अपने भंडार को हटाने के लिए कह रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उम्मीद की जा रही है कि वे स्थिति पर चर्चा करने के लिए अपनी सुरक्षा टीम के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक करेंगे। हालांकि उन्होंने कड़ा रुख अपनाया है, लेकिन उन्होंने बातचीत का विकल्प भी खुला रखा है। प्रस्ताव के अनुसार, दोनों पक्ष लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष-विराम या यहां तक ??कि संघर्ष को स्थायी रूप से खत्म करने पर सहमत हो सकते हैं। परमाणु वार्ता तभी शुरू होगी जब स्थिति में सुधार होगा और नाकाबंदी हटा दी जाएगी। ईरान मिस्त्र, तुर्की और कतर सहित कई देशों के साथ इस योजना पर चर्चा कर रहा है, क्योंकि शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयास जारी हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## प्यास से भटककर बस्ती पहुंचा मोर, ग्रामीण ने बचाई जान



**प्रवीण सिंह/ चतराः** बढ़ता तापमान अब वन्यजीवों के लिए काल बनने लगा है। पानी की तलाश में भटककर गांव पहुँचे एक मोर की जान तो बच गई, लेकिन इस घटना ने वन विभाग की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भीषण गर्मी के कारण जलस्त्रोत सूखने से बेजुबान पक्षी बस्तियों की ओर पलायन कर रहे हैं। ताजा मामला सदर प्रखंड के रक्सी गांव का है, जहाँ शनिवार शाम एक मोर भटकते हुए पहुँच गया। स्थानीय निवासी जुलकर नैन ने तत्परता दिखाते हुए मोर को कुत्तों और शिकारियों से बचाया और रात भर उसकी देखभाल की। रविवार सुबह वन विभाग की टीम ने जुलकर की मदद से मोर को वापस जंगल में छोड़ दिया। हालांकि, इस घटना ने प्रशासन की पोल खोल दी है। सवाल उठता है कि क्या वन विभाग ने जंगलों में पशु-पक्षियों के लिए पानी का कोई इंतजाम नहीं किया है? आखिर क्यों राष्ट्रीय पक्षी को अपनी प्यास बुझाने के लिए जान जोखिम में डालकर गांव आना पड़ रहा है? यदि समय रहते जंगलों में कृत्रिम जलस्त्रोत नहीं बनाए गए, तो कई बेजुबान इसी तरह हादसों का शिकार होते रहेंगे।

## काम में लापरवाही के आरोप में सदर अस्पताल का मैनेजर रवि कुमार कार्यमुक्त




**चतरा :** सदर अस्पताल चतरा के मैनेजर रविशंकर सौरभ को कार्यमुक्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई उपायुक्त रवि आनंद के निर्देश पर की गई है। अस्पताल मैनेजर पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप है। ज्ञात हो कि चतरा सदर अस्पताल में लंबे समय से अस्पताल मैनेजर का पद रिक्त था। मैनेजर नहीं रहने के कारण अस्पताल संचालन में काफी परेशानी हो रही थी। निवर्तमान उपायुक्त किर्तीश्री ने चार माह पूर्व डीएमएफटी मद से स्थानीय स्तर पर एक दर्जन चिकित्सकों के साथ अस्पताल मैनेजर की बहाली की थी। चार माह में ही अस्पताल मैनेजर को कार्यमुक्त कर दिए जाने के बाद बाद एक बार फिर सदर अस्पताल में मैनेजर का पद रिक्त हो गया है। आपको बताते चलें कि बीते शनिवार को उपायुक्त रवि आनंद सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाया गया। अस्पताल के शौचालय में गंदगी का अंबार लगा था। दवा काउंटर पर इमरजेंसी मेडिसिन नदारत पाया गया। अस्पताल कैंपस में भी गंदगी पाया गया। अस्पताल में अव्यवस्था को देखते हुए उपायुक्त ने अस्पताल मैनेजर को तत्काल कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त के निर्देश के बाद रविवार को अस्पताल मैनेजर को कार्यमुक्त कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया है। वहीं दूसरी ओर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ पंकज ने सिविल सर्जन सत्येंद्र सिंहा को पत्र लिखकर मैनेजर उपलब्ध कराने की मांग की है। उपाधीक्षक ने अपने पत्र में कहा है कि अस्पताल की व्यवस्था को सुचारू रुप से संचालित करने के लिए अस्पताल मैनेजर की अत्यंत आवश्यकता है। अस्पताल मैनेजर को कार्यमुक्त कर दिया गया है। ऐसे में अस्पताल को अविलंब मैनेजर उपलब्ध कराया जाए। ताकि अस्पताल का काम सुचारू रुप से संचालित हो सके।

## पतरातू में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, 9 एमएम पिस्टल बरामद



**रामगढ़ः** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से 9 एमएम का प्रतिबंधित पिस्टल बरामद किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच गहराई से कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस की कार्रवाई और छापेमारीः प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सूचना मिली थी कि पतरातू थाना क्षेत्र के ग्राम सोलिया निवासी अनीश अंसारी अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू राघवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तालाताड़ पंचायत के सोलिया गांव से अनीश अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हथियार बरामदगी और मामला दर्जः पूछताछ के दौरान उसके बताए गए स्थान पर उसके घर से तुर्की मेड जिगाना कंपनी का 9 एमएम पिस्टल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि उक्त पिस्टल उसे राहुल दुबे गैंग के एक सक्रिय सदस्य द्वारा फायरिंग की घटना के बाद रखने के लिए दिया गया था। इस मामले में पतरातू थाना कांड संख्या 101/2026 के तहत आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पहले भी कई धाराओं में मामला दर्ज है। छापेमारी दल में पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली, पुलिस अवर निरीक्षक अफजल अंसारी के साथ अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# गोलगप्पा खाने से बच्चे की मौत, कई घायल

### देर रात डीसी पहुंचे गांव, मरीजों से की मुलाकात

संवाददाता

**गिरिडीह :** सदर प्रखंड के कुम्हरगड़िया एवं बजटो में गोलगप्पा खाने से बीमार हुए लोगों का हाल देर रात तक डीसी रामनिवास यादव लेते रहे। रात में ही डीसी के साथ एसडीएम श्रीकांत विस्पुते के साथ एसडीपीओ जीतबाहन उरांव गांव पहुंचे। यहां घरों में जिन मरीजों का इलाज चल रहा था, उन सभी लोगों के घरों पर डीसी पहुंचे और मुलाकात की। साथ में आए चिकित्सक को डीसी ने आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, ग्रामीणों को समझाया कि गर्मी के दौरान किस तरह का परहेज करना है और कैसे बचाव करना है।

पालमो का रहने वाला है गोलगप्पा विक्रेताः डीसी ने ग्रामीणों से बातचीत की तो यह साफ हुआ कि गोलगप्पा बेचने वाला पालमो गांव का निवासी है। वह आए दिन इस गांव में आता रहता है। शनिवार को भी गोलगप्पा बेचने आया। पहले पहर में जिसने गोलगप्पा खाया उसकी तबीयत ठीक रही। लेकिन दूसरे पहर में गोलगप्पा खाने वालों की तबीयत बिगड़ने लगी।

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार सुबह से ही लोगों की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी थी। लोगों ने पहले गांव में ही इलाज शुरू किया। दोपहर के बाद जब ज्यादा लोगों की तबियत बिगड़ने लगी तो यहां के प्रबुद्ध लोग एक्टिव हुए। जिसके बाद लोगों को सदर अस्पताल ले जाया जाने लगा।

एम्बुलेंस की शिकायत को डीसी ने गंभीरता से लियाः गांव पहुंचे डीसी के समक्ष ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की भी शिकायत की। ग्रामीणों ने



बताया कि 108 में फोन करने के बाद एम्बुलेंस काफी देर से पहुंचा और इसके बाद एम्बुलेंस के ड्राइवर एक साथ कई मरीजों को ले जाने को तैयार ही नहीं थे। ऐसे में निजी वाहन से मरीजों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। डीसी ने इस मामले को भी गंभीरता से लिया।

मृतक के प्रति की संवेदना व्यक्तः लोगों ने डीसी से मृतक बच्चे के परिजनों के लिए मुआवजा की मांग रखी। ऐसे में डीसी ने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि जो भी संभव होगा वह मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन ग्रामीणों के साथ है।

जिस इलाके की यह घटना है वह क्षेत्र गांडेय विधानसभा में आता है। ऐसे में यहां की विधायक सह मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने डीसी से वहां की स्थिति की जानकारी ली। फोन पर काफी देर तक बातचीत की तथा कई निर्देश भी दी।

दूसरी तरफ रविवार की शाम को जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक प्रो जेपी वर्मा भी दोनों गांव पहुंचे और मरीजों का हाल जाना। वहीं भाजपा नेता दिनेश यादव भी सदर अस्पताल पहुंचे। इनके अलावा कई नेता और सामाजिक कार्यकर्त्ता भी अस्पताल पहुंचे।

गोलगप्पे वाले से पूछताछः मामले में जिस व्यक्ति द्वारा गोलगप्पा बेचा गया था उसे भी पूछताछ के लिए थाना लाया गया। यहां मुफ्फसिल पुलिस ने गोलगप्पे वाले से पूछताछ की है। पूछताछ में पुलिस ने गोलगप्पा का मसाला कब बनाया गया था और क्या-क्या मिलाया गया था इसके बारे में जानकारी लेने की कोशिश की।

## विहंगम योग संत समाज ने किया ध्वाजारोहण व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

**मुरी :** सिल्ली राजा टोला में विहंगम योग संत समाज सिल्ली द्वारा ध्वाजारोहण और सत्संग का आयोजन किया गया। अनन्त सदगुरु आचार्य सदा फलदेव, सदगुरु आचार्य धर्म चन्द देव और सदगुरु आचार्य स्वतंत्र के चित्र पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। 'अ' अंकित नाम के झंडे का ध्वाजारोहण किया गया। सदगुरु आचार्य सदाफलदेव के लिखित धार्मिक पुस्तक 'स्व -वेद' का पाठ किया गया। साथ साथ बसंती देवी और गुरू बहनों ने भजन कीर्तन की प्रस्तुत किया जिससे अध्यात्मिक चेतना के साथ समाजिक सदगुणों का विकास हो। लोगों में मानसिक



शक्ति का बोध हो। सत्संग का समापन प्रसाद वितरण और भण्डारा के साथ समाप्त हुआ । संत समाज के उपदेष्टा एवं प्रचारक मनोज कुमार सिंह, बोकारो जिला संयोजक जीवलाल महतो, रांची जिला संयोजक प्रमेंद् कुमार ,गणेश प्रसाद साहू, आत्मा राम महतो, भेगराज प्रसाद, उमाशंकर साहू,पूर्णिमा साय,सुनीता साय, तिलोत्तमा साय, बासंती देवी,विजय भद्र, अवनी साहु, मंगल गुरु भाई - बहन, मंगल एवं गणमान्य व्यक्ति, लड़के - लड़कियां उपस्थित हुए ।

## अनियंत्रित टेलर वाहन ने एनटीपीसी कर्मी को कुचला, मौत

**मुआवजे की मांग को लेकर उग्र ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

**चतरा :** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबड़ा कसारी मोड़ के पास एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां बेलगाम टेलर वाहन ने एनटीपीसी कर्मी कमलेश उरांव को कुचलकर मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया। सगली गांव निवासी कमलेश उरांव एनटीपीसी ड्यूटी के लिए घर से निकले थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि ये सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। हादसा इतना भयावह था कि शव की हालत देखकर किसी का भी दिल दहल जाए - पूरा शरीर बुरी तरह कुचल गया। मौके पर उनकी बेटी पूजा कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है, पिता के शव से लिपटकर उसकी चीखें हर किसी की आंखें नम



कर रही हैं। इस दर्दनाक मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया गया। लोगों का साफ कहना है कि ये कोई पहली घटना नहीं है - चतरा की सड़कों पर रोज बेगुनाहों का खून बह रहा है, लेकिन जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। हर बार वही कहानी - मौत, फिर सड़क जाम, फिर मुआवजे का झुनझुना और मामला खत्म! आखिर कब तक यूं ही लोगों की जान जाती रहेगी? भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार पर लगाम लगाने और बाईपास सड़क बनाने की मांग सालों से हो रही है, लेकिन सिस्टम गहरी नींद में सोया हुआ है। घटनास्थल पर सिमरिया थाना पुलिस मौजूद है और जाम हटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन सवाल वही है - क्या सिर्फ समझाने से मौतों का सिलसिला रुकेगा, या कभी कोई ठोस कदम भी उठाया जाएगा?

## पत्नी की हत्या करने के आरोप में पति गिरफ्तार भेजा गया जेल




संवाददाता

**चतरा :** सदर थाना पुलिस ने रविवार को पत्नी की हत्या करने के आरोप में एक पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए आरोपी पति नागो भुइंया का पुत्र चमन भुइंया सदर थाना क्षेत्र के सीमा गांव का रहने वाला है। सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि तीन दिन पूर्व सीमा गांव निवासी चमन भुइंया की पत्नी रीता देवी का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। इस मामले में मृतिका के पिता ने सदर थाना में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। थाना को दिए आवेदन में मृतक के पिता ने बताया है कि वह अपनी पुत्री की शादी सीमा गांव निवासी नागो भुइंया के पुत्र चमन भुइंया के साथ किया था। शादी के बाद उसका दामाद चमन भुइंया दान दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहा था। उसके दामाद ने ही उसकी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दिया और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को टांग दिया। पुलिस ने आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी पति को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## बाइक सवार पर पलटी पिकअप वैन, दो घायल

### टेंपो संघ के जिला अध्यक्ष राजू दबगर व अन्य लोगों की तत्परता से बची जान

### प्राथमिक उपचार के बाद किया गया हजारीबाग रेफर

संवाददाता

**चतरा :** शहर के परिसदन भवन के पास रविवार की दोपहर एक मुर्गी चूजा लदा पिकअप वैन पलट गया। हादसे के दौरान सड़क किनारे बाइक के पास खड़ी महिला समेत दो लोग पिकअप वैन के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो में हंटरगंज थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी दीपक कुमार दास व रूबी कुमारी शामिल है। दुर्घटना से कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गयी। घटना के तुरंत बाद आसपास के दुकानदार व टेंपो चालक संघ के अध्यक्ष ने मिल कर कड़ी मशक्कत के बाद पिकअप वैन के नीचे दबे दोनो घायलो को बाहर निकाला। इसके बाद घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस



को दी गयी, लेकिन एंबुलेंस आने में देरी होने पर घायलो को तत्काल टेंपो से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की स्थिति गंभीर देख शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पिकअप वैन, बाईक,पिकअप वैन चालक को थाना ले गयी। टेंपो चालक संघ के अध्यक्ष राजू दबगर ने बताया कि अगर समय रहते लोगो ने पहल नहीं की होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगो की तत्परता व सहयोग से दोनो घायलो की जान बची है।उन्होंने कहा कि कई बार सड़क दुर्घटनाओं में वे व उनके साथी गोल्डन अवर के दौरान घायलो को तुरंत अस्पताल पहुंचाते है, लेकिन गुड सेमेरिटन नीति का लाभ नहीं मिलता है। नीति का लाभ मिलने से मदद करने वालो लोगो का हौसला बढ़ेगा और लोग आगे आकर घायलो की मदद करेंगे। उन्होंने उपायुक्त रवि आनंद से गुड सेमेरिटन नीति का लाभ देने की मांग की है।

## कोल वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**चतरा :** सिमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत हजारीबाग मुख्य मार्ग तेतर मोड़ के पास रविवार को कोयला लदे वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है और एक घायल हो गया है । मृतक की पहचान शिवकुमार गोस्वामी, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता संतोष गोस्वामी, निवासी पुण्डरा, थाना सिमरिया के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शिवकुमार गोस्वामी घर से दूध लेने के लिए तेतर मोड़ स्थित किसी के घर गया था। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कोयला लदे वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात कोल वाहन मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों युवक को सिमरिया अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत सिमरिया पुलिस को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा है गया। सिमरिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया वाहन की तेज रफ्तार हादसे की वजह बन गई है।

## टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता

**चतरा :** इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा अष्टम के अभिभावकों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह ,सुनील सिंह एवं उपस्थित अभिभावकों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

गोष्ठी में अभिभावकों ने अपने बच्चों के पठन-पाठन और उनका व्यवहार अनुशासन तथा विद्यालय संसाधन संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को रखा। अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई को और बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त कक्षाओं, नियमित



गृहकार्य तथा विद्यालय संसाधनों के सही उपयोग पर भी चर्चा की।

विद्यालय के प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह व सुनील सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब विद्यालय और घर दोनों स्थानों पर बच्चों के लिए अनुशासित एवं नियमित वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई को मजबूत करने के लिए आगामी दिनों में समय-समय पर एक्स्ट्रा क्लास संचालित की जाएगी, ताकि कमजोर विद्यार्थियों को भी उचित मार्गदर्शन मिल सके। साथ ही विद्यालय के कंप्यूटर लैब, डिजिटल पैनल बोर्ड का उपयोग कर बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे आधुनिक ज्ञान से परिचित हो सकें। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को प्रतिदिन दिया गया गृहकार्य समय पर पूरा करने के लिए प्रेरित करें तथा घर पर पढ़ाई के लिए निश्चित समय निर्धारित करें। बच्चों की उपस्थिति, उनके व्यवहार और प्रगति पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। आचार्यों ने बच्चों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि इस आयु वर्ग के बच्चों को विशेष स्नेह, मार्गदर्शन और निगरानी की आवश्यकता है। अभिभावक बच्चों की भावनाओं को समझें, उन्हें मोबाइल और गलत संगति से दूर रखें। गोष्ठी में कक्षा अष्टम के कक्षाचार्य गोविंद कुमार,सचिन दुबे, गौतम उपाध्याय, ज्योति शरण,ममता सिन्हा,मनीष कुमार उपस्थित थे।


### झारखंड का बदलेगा मौसम,गर्मी से मिलेगी राहत

# रांची समेत कई जिलों में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड में आज से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। राजधानी रांची के साथ कई जिलों में तेज हवाओं, ओलावृष्टि और बारिश का अनुमान है। मौसम के इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

तापमान में गिरावट के साथ बारिश-ओलावृष्टि का अलर्टः अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार, 2 मई तक झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है, साथ ही तेज हवाएं भी चलने की संभावना है। मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में इस बदलाव के चलते 27 अप्रैल से तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट का



अनुमान है।

अलग-अलग जिलों में तापमान का उतार-चढ़ाव, पलामू सबसे गर्मः रविवार को रांची का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। हालांकि राज्य के 10 जिलों में राजधानी से कम तापमान रहा। पलामू का अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सरायकेला में 42.5, पूर्वी सिंहभूम में 41.9 और गुमला में 40.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं बोकारो का तापमान 35.2 और जमशेदपुर का 37.5 डिग्री सेल्सियस रहा और संताल परगना के जिलों में तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

कई जिलों में तेज हवाएं और वज्रपातः 27 अप्रैल को संताल परगना के साथ रांची, बोकारो और हजारीबाग में ओलावृष्टि, मेघ गर्जन के साथ 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की संभावना है। 28 और 29 अप्रैल को रांची और कोल्हान के इलाकों में भी गर्जन के साथ 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी और वज्रपात का भी अनुमान है। 30 अप्रैल को पूरे झारखंड में मेघ गर्जन के साथ तेज हवाएं चलने और वज्रपात की संभावना जताई गई है। साथ ही 1 और 2 मई को भी पूरे झारखंड में गर्जन के साथ हवाएं चलने और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी।

### डाक विभाग का जनजागरण अभियान

**अनगड़ाः** पूर्वी अनुमंडल डाक विभाग के द्वारा अनगड़ा स्थित आरटीसी पब्लिक स्कूल में जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक निरीक्षक चंदन कुमार ने की व संचालन बीएमएस के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक ने किया। मुख्य अतिथि सीओ राजू कमल, प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा ने लोगों को डाकघर में धन सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक किया। मौके पर डाक विभाग के बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएलआई, आरपीएलआई, ऑनलाइन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वक्ताओं ने डाकघर के बचत खाते को भाग्य विधाता ताते हुए कहा कि इसके जरिए किसान सम्मान, विभिन्न पेंशन व मंईयां सम्मान जैसी डीबीटी योजनाओं का सीधा लाभ लिया जा सकता है। साथ ही पीएम सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन, बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना और कम प्रीमियम वाले डाक जीवन बीमा की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि राजेंद्र बेदिया, हिरदु उरांव, कविता देवी, दुर्गा महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# राहुल दुबे गैंग का अपराधी अनीस अंसारी 9 एमएम पिस्टल के साथ गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

रामगढ़ः जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने राहुल दुबे गैंग से जुड़े अपराधी अनीस अंसारी को 9 एमएम पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई विशेष छापेमारी अभियान के तहत हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर इलाके में घूम रहा है। इसके बाद तुरंत एक टीम गठित की गई और पतरातू थाना क्षेत्र के सोलिया में छापेमारी की गई। इसी दौरान पुलिस ने अनीस अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में खुलासाः गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में अनीस अंसारी ने खुलासा किया कि उसे यह पिस्टल राहुल दुबे गैंग के एक सदस्य द्वारा फायरिंग की घटना के बाद सुरक्षित रखने के लिए दी गई थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 9 एमएम का पिस्टल भी बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, बरामद किया गया



पिस्टल तुर्की की जिगना कंपनी का है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि इलाके में अवैध हथियारों का नेटवर्क सक्रिय हो सकता है। गिरफ्तार अपराधी अनीस अंसारी, पिता ताहिर अंसारी, सोलिया (पतरातू) का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार उसका पहले से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

पुलिस अधिकारियों की मौजूदगीः इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने किया। छापेमारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली समेत अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। पुलिस ने साफ किया है कि जिले में सक्रिय अपराधियों और अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## उर्दू अदब का दरख्शां सितारा बुझा प्रो. डॉ. अहमद सज्जाद का इंतकाल

- ✔ रांची विश्वविद्यालय के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष ने 26 अप्रैल की रात ली अंतिम सांस, शैक्षणिक व साहित्यिक जगत में शोक की लहर

**(गुलाम शाहिद)**



**रांची** :उर्दू अदब की दुनिया के एक महत्वपूर्ण स्तंभ और रांची विश्वविद्यालय के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो। डॉ। अहमद सज्जाद का 26 अप्रैल 2026 की रात लगभग 10:30 बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शैक्षणिक, साहित्यिक और सामाजिक क्षेत्रों में गहरा शोक व्याप्त है। प्रो। सज्जाद उर्दू साहित्य के एक प्रतिष्ठित विद्वान थे और उन्होंने अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में हजारों छात्रों को शिक्षा प्रदान की। उनके शागिर्द देश-विदेश में फैले हुए हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके निधन को उर्दू अदब के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

वे कई सामाजिक, शैक्षणिक और साहित्यिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। झारखण्ड सद्भावना मंच के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने समाज में सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रो। सज्जाद अपनी सादगी, विद्वता और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। वे विभिन्न महफिलों की रौनक हुआ करते थे और अक्सर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से कार्यक्रमों को गौरवान्वित करते थे। उनके इंतकाल पर शिक्षाविदों, साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# चान्हो प्रखंड समिति सदस्यों का गायत्री परिवार ने किया सम्मान

**गृहे गृहे गायत्री उपासना,नित्य स्वाध्याय एवं देव स्थापना समय की आवश्यकता : गायत्री परिवार**

मेट्रो रेज संवाददाता

**चान्हो :** प्रखंड पतराहतु ग्राम शिव मंदिर परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार की रांची जिला समन्वय समिति संयोजक टीम ने चान्हों प्रखंड समन्वय समिति सदस्यगणों के लिए एक सम्मान समारोह गोष्ठी आयोजन किया। उसमें शान्तिकुञ्ज संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ राम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक पुरश्चरण, जपतपव्रत अनुष्ठान व योजना के विषय और गुरुमाता भगवती देवी की जन्म शताब्दी वर्ष की अनुयाज अभियान में सदस्यों को अनेक विषयों के साथ जिला संकल्प प्रपत्र के विराट बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित कर विस्तृत जानकारी दी। प्रज्ञागीत भजन संदेश सहित सदस्यों का सम्मान किया गया। इसमें गायत्री महामंत्र दीक्षित साधकों, कार्यकर्ताओं को, चयनित सदस्यगणों को तथा दिव्य कलशरथ यात्रा में विशिष्ट रक्षावाहिनी सहयोगी को शान्तिकुञ्ज के आशीवार्दी पत्र प्रदान



के साथ गायत्री महामंत्र पट्टा, प्रज्ञा अभियान पाक्षिक, युग निर्माण योजना , अखंड ज्योति मासिक स्वाध्यायीय व पठनीय पत्रिकाओं आदि विशेषांकों से सम्मानित किए गए।

इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर धुर्वा से पधारे जिला समन्वयक जय नारायण प्रसाद सहायक में गायत्री साधक,वादक, गायक,शंतर सिंह व विजय कुमार ने गायत्री संजीवनी महाविद्या, महायज्ञ, संस्कारोत्सव के अर्थ भावार्थ और उसकी महिमा और आज वर्तमान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही आगामी माहों में गायत्री महायज्ञ कराने का प्रस्ताव रखा गया। सम्मान उपरान्त ग्रामे ग्रामे गायत्री यज्ञ एवं गृहे गृहे गायत्री उपासना, विद्यालयैं में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा , नित्य स्वाध्याय,संयम सेवा हेतु देव स्थापना की आवश्यकता व उपयोगिता पर जोर दिया। अंत में प्रखंड समन्वयक वरिष्ठ-साधक नन्दकिशोर साहु एवं प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में अनुयाज क्रम व संकल्प प्रकिया पर समन्वित प्रयास सहित कार्यान्वयन करने का आश्वासन तथा धन्यवाद एवं सबको मंगलमय मनोरथ कामना कर विदा किया।

## डबल सनसनीः दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, युवक की पीट- पीटकर हत्या

संवाददाता

**रांची/खूंटीः** खूंटी जिले के सोयको थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। एक ओर जहां दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं दूसरी ओर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है।

पीड़िता की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तारः पहली घटना सायको थाना क्षेत्र की है। जहां एक 21 वर्षीय विवाहिता ने अपने पड़ोसी पर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़िता की शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और बिना देरी किए मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सायको थाना प्रभारी प्रभात रंजन के मुताबिक मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्राथमिक जांच तेजी से पूरी की गई और कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

युवक की लाठी से पीट-पीटकर हत्याः वहीं, दूसरी घटना बलंगा नदी के पहाड़ी इलाके से जुड़ी है, जहां एक युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बुद्धदेव मुंडा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक की डंडों से पीट पीटकर हत्या कर दी गई और शव को चट्टानों के बीच छिपाने की कोशिश की गई।

पुलिस के अनुसार, मृतक के खिलाफ पहले भी आपराधिक गतिविधियों और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोप लग चुके थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से उसकी हत्या की गई होगी। हालांकि, पुलिस सभी पहउओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने कहा कि जांच जारी है और जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए टीचर नीड असेसमेंट जरूरी, एग्जाम 12 मई से

संवाददाता

रांचीः शिक्षकों के आवश्यकता आकलन के लिए तीसरे राउंड का टीचर नीड असेसमेंट (टीएनए) 12 से 14 मई तक आयोजित होगा।

इसमें हाल में नियुक्त लगभग 10 हजार शिक्षकों (सहायक आचार्यों) के लिए भाग लेना अनिवार्य होगा। इसमें भाग लेने के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है।

पंजीकरण की अंतिम तिथि पांच मई निर्धारित की गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने इसे लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों तथा जिला शिक्षा अधीक्षकों को दिशा-निर्देश भेज दिया है।

इन जिला पदाधिकारियों को समन्वय बनाकर अधिक से अधिक शिक्षकों का इसमें भाग लेने के लिए पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे इस आकलन परीक्षा में भाग ले सकें। नवनियुक्त सहायक आचार्यों का भी ई-



विद्यावाहिनी पोर्टल पर निबंधन करने के निर्देश दिए गए हैं।

दो पालियों में होगी परीक्षाः यह टीचर नीड असेसमेंट परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा साढ़े नौ बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 12.30 बजे से तीन बजे तक आयोजित होगी।

इसमें सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक, पारा शिक्षक, सहायक आचार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से शामिल होंगे।

जिला पदाधिकारियों को शिक्षकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराई सामग्री का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि शिक्षक इस आकलन परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

बताते चलें कि अबतक दो राउंड का मूल्यांकन पिछले वर्ष क्रमशः अप्रैल तथा नवंबर माह में हो चुका है। इसमें पंजीकरण करानेवाले 99 प्रतिशत शिक्षकों की भागीदारी रही है। टीचर नीड असेसमेंट का उद्देश्य शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए आवश्यकता का आकलन करना है। इससे पता चलता है कि शिक्षकों को किस तरह के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। बताते चलें कि राज्य सरकार ने सभी शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य प्रशिक्षण भी लागू किया है।

# भीषण गर्मी में मिलेगा ठंडा पानी, श्री सर्वेश्वरी समूह ने किया निशुल्क प्याऊ सेवा का शुभारंभ

संवाददाता

**रांचीः** बढ़ती गर्मी के बीच आम लोगों को राहत देने के उद्देश्य से श्री सर्वेश्वरी समूह- शाखा रांची (औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड पश्चिम, रांची) द्वारा शहर के पांच अलग-अलग स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ सेवा का शुभारम्भ किया गया है। यह सेवा 20 अप्रैल 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक विभिन्न चरणों में शुरू की गई, जिसका उद्देश्य लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। इस अभियान की शुरूआत विधिवत आरती और पूजन के साथ की गई। पहले चरण में 20 अप्रैल को पिस्का मोड़ स्थित गुरु कृपा बिल्डिंग के पास प्याऊ सेवा शुरू हुई। इसके बाद 21 अप्रैल को किशोरगंज चौक के प्रीति स्वीट्स के बगल में, 22 अप्रैल को रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास, 23 अप्रैल को अरगोड़ा चौक के निकट आईडीबीआई। बैंक के पास तथा 26 अप्रैल को बाजरा चौक स्थित आईटीआई और गौरी मेडिकल के पास सेवा का शुभारम्भ किया गया। संस्था के अनुसार, यह सेवा पूरे



गर्मी के मौसम तक प्रतिदिन जारी रहेगी ताकि राहगीरों और आम नागरिकों को गर्मी से राहत मिल सके।

पंछी को दाना-पंछी को पानी कार्यक्रमः इसके साथ ही संस्था द्वारा पर्यावरण और जीव संरक्षण से जुड़ी पहल भी की जा रही है। ह्यपंछी को दाना झ पंछी को पानीह्व कार्यक्रम के तहत मिट्टी के सकोरों का वितरण किया जा रहा है। इस अभियान का पहला चरण 24 अप्रैल 2026 को न्यू मधुकम स्थित प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल ऑफ लर्निंग में आयोजित हुआ, जिसमें 225 सकोरों और दाना पैकेटों का वितरण छात्रों के बीच किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना है। इसके अलावा अस्पतालों और जरूरतमंद लोगों के बीच ताड़ पत्तों से बने हाथ पंखों का वितरण भी किया जाएगा, जिससे भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके। संस्था की यह पहल न केवल लोगों को गर्मी से राहत प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रही है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## मोदी मन की बात : सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम से फास्ट ब्रीडर तक भारत की निर्णायक छलांग

दुनिया इस समय अस्थिरता के ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां ऊर्जा वैश्विक शक्ति संतुलन का आधार बन चुकी है। ईरान में जारी युद्ध और उसके चलते कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है। महंगाई की मार हर देश झेल रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं, लेकिन इसी उथल-पुथल के बीच भारत ने एक ऐसा रास्ता चुना है, जो आने वाले दशकों में उसे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बना सकता है। यह रास्ता है सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम और विशेष रूप से फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक का।

रविवार को प्रसारित ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम के 133वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में भारत की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विज्ञान और तकनीक की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित किया। उन्होंने कहा- ह्लसाथियो, भारत ने विज्ञान को हमेशा देश की प्रगति से जोड़कर देखा है। इसी सोच के साथ हमारे वैज्ञानिक सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके प्रयासों से यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे रहा है। इससे हमारी इंडस्ट्रियल ग्रोथ को, एनर्जी सेक्टर को, हेल्थकेयर सेक्टर को बहुत लाभ हुआ है। खेती किसानी से लेकर आधुनिक इनोवेटर्स को भी भारत के सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम ने बहुत मदद की है।ह्व

प्रधानमंत्री का यह कथन वास्तव में उस व्यापक परिवर्तन की झलक है, जो भारत के वैज्ञानिक प्रयासों के कारण देश के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। परमाणु ऊर्जा अब बिजली उत्पादन से आगे कृषि में उत्पादकता बढ़ाने, चिकित्सा में कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज और उद्योगों में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन के लिए भी अहम भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख किया, जिसने भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान दिलाया है।

उन्होंने कहा- ह्लकुछ ही दिन पहले, हमारे न्यूक्लियर साइंटिस्ट ने एक और बड़ी उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ाया है। तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकलिटी हासिल कर ली है। दरअसल, क्रिटिकलिटी वह स्टेज है, जिसमें रिएक्टर पहली बार सेल्फ-सस्टेनिंग न्यूक्लियर चेन रिएक्शन में सफलता हासिल करता है। इस स्टेज का मतलब है रिएक्टर का ऑपरेशन फेज में पहुंचना। भारत की न्यूक्लियर एनर्जी जर्नी में यह एक ऐतिहासिक माइलस्टोन है। और बड़ी बात ये भी कि परमाणु रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित है। साथियो, इसे ब्रीडर रिएक्टर क्यों कहते हैं? इसके पीछे भी एक वजह है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जो ऊर्जा के उत्पादन के साथ-साथ भविष्य के लिए नया ईंधन भी खुद ही तैयार करता है।ह्व

कलपक्कम में स्थापित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) का ह्यक्रिटिकलिटीह्ल स्तर तक पहुंचना किसी भी दृष्टि से साधारण उपलब्धि नहीं है। यह वह क्षण होता है, जब रिएक्टर के भीतर परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया स्थिर और नियंत्रित रूप से स्वयं चलने लगती है। यहीं से ऊर्जा उत्पादन की वास्तविक यात्रा शुरू होती है। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि भारत आज जटिल तकनीकों को समझने और विकसित करने में इतना सक्षम हो चुका है कि उसे इस दिशा में किसी अन्य देश के सहयोग की कोई आवश्यकता नहीं रह गई है। निश्चित ही फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक को समझना जितना जटिल है, उसका महत्व उतना ही व्यापक है। दुनिया के कई विकसित देशों ने इस तकनीक को हासिल करने के लिए दशकों तक प्रयास किए। अमेरिका, जापान, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देशों ने इस दिशा में अरबों डॉलर खर्च किए, किंतु विभिन्न तकनीकी और आर्थिक चुनौतियों के कारण वे इस तकनीक को व्यापक स्तर पर लागू नहीं कर सके। इसके विपरीत, भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद इस दिशा में सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक दृष्टि और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

भारत की इस सफलता के पीछे सात दशक की वैज्ञानिक यात्रा और दूरदर्शी सोच छिपी है। महान वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा ने जिस तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की नींव रखी थी, वह आज अपनी सार्थकता सिद्ध कर रहा है। इस कार्यक्रम का पहला चरण प्राकृतिक यूरेनियम से ऊर्जा और प्लूटोनियम उत्पादन पर आधारित है। दूसरे चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के माध्यम से अधिक ईंधन तैयार किया जाता है, जबकि तीसरे चरण में थोरियम आधारित रिएक्टरों के जरिए दीर्घकालिक ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित किया जाता है। यहां जान लें कि भारत के संदर्भ में थोरियम का महत्व अत्यधिक है। देश में यूरेनियम के भंडार सीमित हैं, पर थोरियम प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। विश्व के कुल थोरियम भंडार का लगभग एक चौथाई हिस्सा भारत में पाया जाता है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक इस थोरियम को उपयोगी ईंधन में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि तो होगी ही, साथ में भारत की विदेशी ईंधन पर निर्भरता भी कम होगी। कलपक्कम में स्थापित 500 मेगावाट क्षमता वाला यह रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। इसका डिजाइन और अनुसंधान भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है, जबकि निर्माण और संचालन भी देश के ही संस्थानों द्वारा किया जा रहा है। यह उपलब्धि ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल की अवधारणा को साकार करती है और यह दशार्ती है कि भारत अब तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा भी कि ह्लमार्च 2024 का वह समय भी याद है, जब मैं कलपक्कम में रिएक्टर की कोर लोडिंग का साक्षी बना था। मैं उन सभी को बधाई देता हूँ, जिन्होंने, भारत के परमाणु कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान दिया है। देशवासियों का जीवन बेहतर और आसान बनाने के लिए उनका यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। इससे विकसित भारत के हमारे संकल्प को भी एक नई ऊर्जा मिलेगी। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी दोहरी चुनौतियों से जूझ रही है, तब फास्ट ब्रीडर रिएक्टर जैसी तकनीकें एक स्थायी समाधान के रूप में उभर रही हैं। भारत के लिए यह उपलब्धि एक नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था की शुरूआत भी है। यदि आने वाले वर्षों में इस तकनीक का विस्तार किया जाता है और देशभर में ऐसे रिएक्टर स्थापित किए जाते हैं तो भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता दिखेगा। कहना होगा कि ऊर्जा के क्षेत्र में यह बदलाव भारत की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक विकास और सामाजिक प्रगति को नई दिशा देगा। आज यह वैज्ञानिक उपलब्धि एक ऐसे भविष्य की आधारशिला है, जहां भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में विश्व के सभी देशों के बीच आगे की पंक्ति में खड़ा दिखाई देता है। इसके लिए देश के शीर्ष नेतृत्व और वैज्ञानिकों को जितना धन्यवाद दिया जाए, निश्चित ही वह उतना ही कम होगा।

# परीक्षा परिणामों के लिए अकेले विद्यार्थी जिम्मेदार नहीं

> ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा।भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था।

**हृदयनारायण दीक्षित**

ज्ञान से बड़ा कुछ भी पवित्र नहीं है। ज्ञान भौतिक संसार की सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का उपकरण है। जो लोग इस भौतिक संसार से पृथक अन्य लोकों का भी अस्तित्व मानते हैं, वह लक्ष्य भी ज्ञान मार्ग से ही प्राप्त होना संभव बताया गया है। ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा।भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था।

छान्दोग्य उपनिषद में नारद को व्यथित बताया गया है। व्यथित नारद सनत कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने सनत कुमार को अपनी व्यथा बताई। सनत कुमार ने नारद से पूछा कि आपने अब तक क्या-क्या पढ़ा है। नारद ने बताया, ह्वहे भगवन मैंने ऋग्वेद सहित सभी वेद पढ़े हैं। भूगर्भ विद्या, नक्षत्र विद्या, आकाश विद्या, गणित, ज्योतिष आदि अनेक विषय पढ़े हैं। उपनिषद में यह सूची काफी बड़ी है। इसका अर्थ यह निकलता है प्राचीन भारत में अनेक विषय पढ़े और पढ़ाए जाते थे। आज की ज्ञान परंपरा में वैदिक काल और उसके पहले से लेकर आधुनिक काल तक सभी विषय प्रासंगिक हैं। शिक्षा या विद्यार्थी जीवन पुरुषार्थ का स्वर्णकाल है। प्राचीन काल में शिक्षा के सभी अनुशासन पढ़े-पढ़ाए जाते थे।

नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहाँ सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है।

संप्रति शिक्षा नौकरी और जीवन यापन की सुविधाएं जुटाने का यंत्र बन गई है। सरकारें अपने ढंग से अपने देश और राज्य के क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन करती हैं। निजी क्षेत्र में भी शिक्षा के तमाम तरह के अनुशासन हैं। शिक्षा महंगी है और वह संस्कृति और दर्शन तथा ज्ञान प्राप्ति का उपकरण नहीं है। परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा अंक पाने की होड़ रहती है। विद्यार्थी अधिक अंक पाने के तनाव में रहते हैं। आत्महत्याएं होती हैं। शिक्षार्थी को अध्ययन के दौरान ज्ञान का आनंद नहीं मिलता। निजी क्षेत्र के विद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नहीं है। कुछ विद्यालय कक्षा 1 से पढ़ाई शुरू करवाते हैं। कुछ विद्यालय पहली कक्षा से भी पहले की कक्षाएं केजी, नर्सरी आदि नामों से चलवाते हैं। सीबीएसई पूरे देश में लागू केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था है। बेशक इससे पूरे देश में एक समान शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया जाता है लेकिन विद्यार्थियों को अध्ययन के समय आनंदित करने के कोई उपाय नहीं है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित करता है। इसके परिणाम इसी सप्ताह घोषित हुए थे। लड़कियों ने लड़कों की अपेक्षाकृत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिन बेटियों को अच्छे अंक मिले हैं, उन्हें बधाई। उनके परिजनों को बधाई। उनके गुरुजनों को बधाई। अभी कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के परिणाम आने वाले हैं। एमपी बोर्ड के नतीजे पहले ही आ चुके हैं। ज्यादा अंक पाने वाले परीक्षार्थियों के घरों में भी इस बात का तनाव है कि उन्हें और अधिक नंबर क्यों नहीं मिले। मेरी अपनी पढ़ाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालय से हुई है। तब परीक्षाफल घोषित होने के दिन उल्लास होता था। कुछ फेल होते थे कुछ पास लेकिन शैक्षिक वातावरण तनावपूर्ण नहीं होता था। इधर 20-25 वर्षों में जो उत्तीर्ण हैं, वे भी रुआंसे हैं कि और अधिक अंक क्यों नहीं मिले। जो फेल हो गए हैं, उनके घर वाले सारा दोष बच्चों पर ही डाल रहे हैं।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव बढ़ता है। इसलिए विद्यालयों में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। समय पर सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। कौशल आधारित शिक्षा पर भी जोर देना होगा। केवल पारंपरिक पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। आईटी, उद्यमिता और कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण जरूरी है। इससे छात्र आत्मनिर्भर बनेंगे। मूल्यों की शिक्षा से विद्यार्थियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होगी। भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। वैदिक काल में शिक्षा जीवन से जुड़ी थी। वेद और उपनिषदों में ज्ञान, विज्ञान और नैतिकता का समन्वय मिलता है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय दुनिया भर में प्रसिद्ध थे। यहाँ दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। गुरुकुल परंपरा में गुरु और शिष्य का संबंध गहरा होता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं बल्कि चरित्र निर्माण भी था। मुगल काल और अंग्रेजी शासन के दौरान इस स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिला। पारंपरिक संस्थाएं कमजोर हुईं। हमारी मूल ज्ञान परंपरा प्रभावित हुई। आज आवश्यकता है कि हम अपनी इस समृद्ध परंपरा के श्रेष्ठ तत्वों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ें। इससे आने वाली पीढ़ी मजबूत, संस्कारित और आत्मनिर्भर बन सकेगी।अकेले विद्यार्थी ही परीक्षा परिणामों के लिए दोषी नहीं होते। उनकी सफलता या असफलता में आचार्य का भी श्रम अंतर्निहित होता है। इस वर्ष के परिणामों में जहाँ एक ओर विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता भी महसूस होती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच जो शैक्षिक असमानता है, उसे कम करना समय की मांग है। इसके लिए आवश्यक है कि संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए और डिजिटल शिक्षा के माध्यमों को हर छात्र तक पहुँचाया जाए। घर परिवार के लोग भी उचित वातावरण देने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समाज भी व्यापक प्रभाव डालता है। संस्कृति और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाले पाठ्यक्रम को भी इस जिम्मेदारी में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

मूलभूत प्रश्न है कि बच्चों को मिले अंक और तनाव की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी रुचियों को समझना अधिक आवश्यक है। हर विद्यार्थी की क्षमता अलग होती है और उसी के अनुरूप उसे मार्गदर्शन मिलना चाहिए। असफलता को भी सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करना हमारी शिक्षा संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। चुनौती बड़ी है। टीवी खोलो तो युद्ध का धुआं है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। जैव विविधता पर संकट है। ग्लोबल वार्मिंग है। सारा वातावरण बच्चों को अवसाद की ओर ले जाता है। इसलिए सारा दोष बच्चों पर डालना उचित नहीं है। यह विषय गंभीर महत्व का है। इस पर चिन्तन होना चाहिए।


(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

# अमेरिका-ईरान युद्धः ट्रंप के लिए निगलते बने न उगलते

> ट्रंप ने हाल के महीनों में यह सिद्ध कर दिया है कि इतिहास में उनकी तरह का आवेश में निर्णय लेने, फिर उसके परिणामों से समूचे विश्व को संकट में डालने वाला दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। हिटलर या मुसोलिनी जैसे तानाशाहों के उदाहरण दिए जाते हैं

**-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

भारत के खिलाफ हालिया टिप्पणी और उससे पलटने से यह साफ हो गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी सनक या आवेग में बिना सोचे-समझे टिप्पणी या निर्णय करते हैं और उससे पलटने में देरी भी नहीं करते। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर रेडियो होस्ट की टिप्पणी भारत और चीन को नरक का द्वार को रीपोस्ट करके विवादों में आ गए और भारत के कड़े विरोध और अमेरिका में ही पक्ष-प्रतिपक्ष की प्रतिक्रियाओं एवं नस्लीय टिप्पणी देखते हुए भारत को महान और दोस्त देश बताने में भी देरी नहीं की। ट्रंप ने हाल के महीनों में यह सिद्ध कर दिया है कि इतिहास में उनकी तरह का आवेश में निर्णय लेने, फिर उसके परिणामों से समूचे विश्व को संकट में डालने वाला दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। हिटलर या मुसोलिनी जैसे तानाशाहों के उदाहरण दिए जाते हैं पर ट्रंप इन सबसे अलग हैं। दुनिया के देशों को डराने-धमकाने और अपने ही निर्णयों से पलटने वाला उनके जैसा राष्ट्राध्यक्ष ढूंढने से भी नहीं मिलेगा। एक बात ट्रंप को समझ लेनी चाहिए कि केवल अमेरिका फर्स्ट के नारे से दुनिया नहीं चल सकती। यही कारण है कि आज दुनिया के करीब-करीब सभी देश ट्रंप से गले तक भर आये हैं। अमेरिकी-ईरान युद्ध के चलते आज दुनिया के सामने संकट का जो दौर आया है उससे अमेरिका भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। एक तरफ ईंधन का संकट आ रहा है तो तनाव के चलते व्यापार प्रभावित हो रहा है, आने वाले



समय में खाद्यानों सहित दवा व अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी से भी दुनिया के देशों को दो-चार होना पड़ जाएगा। ट्रंप की रणनीति समझ से परे इस मायने में भी हो जाती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक साथ अनके मोर्चे खोल लिए हैं और इजरायल की बात छोड़ भी दी जाए तो दुनिया का कोई देश आज ट्रंप की नीतियों, टिप्पणियों और गीदड़ धमकियों का पक्षधर नहीं हो सकता।दरअसल, आज ट्रंप ने समूची दुनिया को तनाव के दौर में धकेल दिया है। करीब सवा साल के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका और दुनिया के देशों में अपनी स्वीकार्यता के सबसे निचले पायदान पर पहुंच चुके हैं। ईरान से टकराव के बाद केवल एक माह में ही स्वीकार्यता में दस प्रतिशत की गिरावट स्वयं सोचने को मजबूर कर देना चाहिए। अप्रैल की ताजा रिपोर्टस की बात की जाए तो न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार 39 प्रतिशत, रॉयटर के अनुसार 36 प्रतिशत और एपी के अनुसार 33 प्रतिशत वैश्विक स्वीकार्यता रह गई है। यदि अमेरिका की बात करें तो आर्थिक नीतियों के चलते असंतोष मुखर होता जा रहा है। अधिकांश अमेरिकी, ईरान संघर्ष को लेकर भी ट्रंप की निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं। ट्रंप की नीतियां अमेरिका सहित दुनिया के देशों में अस्थिरता और तनाव पैदा करने वाली हैं।

ईरान को तबाह करने की घोषणा, ईरान के विद्युत एवं ऑयल संयत्रों को नष्ट करने की धमकी, हार्मुज जलडमरुमध्य को लेकर धमकी, फिर सीजफायर की बात करना और ईरान द्वारा समझौते की टेबल पर सकारात्मकता नहीं होने की स्थिति में अमेरिका की लगातार हेठी हो रही है। देखा जाए तो रुस-यूक्रेन युद्ध को हवा देने और फिर जेलेंस्की को धमकाने व जेलेंस्की की अमेरिका में ही ठेंगा दिखाना, अमेरिका के लिए कम शर्मनाक नहीं रहा। नाटों से हटने की धमकी, वेनेजुएला पर आक्रमण और वहां के राष्ट्राध्यक्ष के साथ व्यवहार, चीन के साथ व्यापार युद्ध, भारत को बार-बार टैरिफ गीदड़ भभकी, कनाडा का अमेरिका का राज्य घोषित करने, ग्रीनलैण्ड हथियाने का प्रयास, गाजा पट्टी, क्यूबा आदि से संबंधित ट्रांप की सभी भभकियां अबतक बेमानी साबित हुई है। उल्टे इन सबसे अमेरिका और ट्रंप की विश्वसनीयता में ही कमी आई है।

सवाल यह उठने लगा है कि अमेरिकी गीदड़ भभकियों का कुछ असर भी रहेगा या नहीं। क्योंकि आज छोटे-से-छोटे देश को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। आज यदि जंग छेड़ते हैं तो दो-चार दिन में फैसला हो जाएगा, यह सोचना गलत है। इसका उदाहरण रुस-यूक्रेन तो है ही अब ताजा उदाहरण अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष को देखा जा सकता है। लंबी जंग लड़ने की स्थिति में दुनिया का कोई देश नहीं है। आज ईरान से संघर्ष संघर्ष में अमेरिका को अधिक हानि उठानी पड़ रही है। ट्रंप ऐन-केन प्रकारेण जंग रुकवाने व सीजफायर के प्रयास कर रहे हैं। पर ट्रंप को यह सोच लेना चाहिए कि डर या धमकियों से नतीजा नहीं निकलने वाला है। दूसरा, ट्रंप के ट्रैक रिकार्ड को देखते हुए उनकी कही गई किसी भी बात पर लंबे समय तक विश्वास नहीं किया जा सकता। इसलिए ट्रंप को पहले विश्वसनीयता बनाने के ठोस प्रयास करने होंगे। दुनिया के देशों को विश्वास में लेना होगा। नहीं तो दुनिया के हालात दिन-प्रतिदिन गंभीर होने हैं और इसके लिए ट्रंप को इतिहास माफ नहीं करने वाला।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# बद्रीनाथ के पास व्यास गुफा-भीम पुल जैसे 5 डिवाईन स्पॉट्स जरूर देखें

चारधाम की यात्रा शुरू हो चुकी है। बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल 2026 को खुल चुके हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बद्रीनाथ के दर्शन करने से व्यक्ति जन्म मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है। ऐसे में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही यहां लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं।

बद्रीनाथ कपाट खुलते ही लोगों ने यहां पर दर्शन करने के लिए प्लान बनाना शुरू कर दिया होगा। हर साल यहां पर लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। बद्रीनाथ के पास ऐसे कई स्थान मौजूद है जिनको शास्त्रों व पौराणिक कथाओं में रहस्यमयी और चमत्कारी बताया है। आइए आपको बताते हैं बद्रीनाथ के पास आप किन जगहों के दर्शन करने के लिए जा सकते हैं।



### भविष्य बद्री

बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने के बारे में प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां मौजूद भविष्य बद्री के दर्शन करने जरुर जाएं। इसे भविष्य का बद्रीनाथ भी कहा जाता है, जो जोशीमठ से थोड़ी दूरी पर स्थित है। इसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि जब कलयुग अपने चरम पर होगा, तो नर और नारायण पर्वत आपस में मिल जाएंगे। जिसके बाद बद्रीनाथ पहुंचना संभव नहीं होगा। तब भविष्य बद्री में ही बद्रीनाथ विराजमान रहेंगे।

### श्री वेद व्यास गुफा

मान्यता है कि महर्षि व्यास ने इसी गुफा में तपस्या करते हुए चारों वेदों और गीता का संकलन किया था, इसी वजह से इसका नाम व्यास गुफा पड़ा। कहा जाता है कि यह गुफा लगभग 5 हजार साल पुरानी और अत्यंत पवित्र मानी जाती है। इसकी छत की बनावट ऐसी है, जैसे किसी किताब के पन्ने एक के ऊपर एक रखे हों। इसी कारण इसे ह्यव्यास पुस्तकह्ल के नाम से भी पुकारा जाता है। लोककथाओं के अनुसार, समय के साथ यह दिव्य पुस्तक पत्थर का रूप ले चुकी है।

### भीम पुल

बद्रीनाथ मंदिर जाने के साथ-साथ आप भीम पुल के दर्शन भी कर सकते हैं। यह माना गांव के पास सरस्वती नदी के झरने पर स्थित है। धार्मिक मान्यताओं और प्राचीन कथाओं के अनुसार, महाभारत काल में जब पांडव द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले थे, तब उनके मार्ग में यह नदी आई थी। उस समय भीम ने द्रौपदी को पार कराने के लिए एक बड़ा पत्थर उठाकर नदी पर रख दिया, जिससे रास्ता आसान हो गया। ऐसा भी कहा जाता है कि नदी के किनारे जो लगभग 20 फीट लंबे पदचिह्न नजर आते हैं, उन्हें भीम के पैरों के निशान माना जाता है।

### वसुधारा झरना

बद्रीनाथ से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर यह पवित्र स्थित है। वसुधारा को बहुत ही पवित्र स्थान माना जाता है। वसुधारा झरने का पानी करीब 400 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरता है। कहा जाता है कि इसकी धारा खूबसूरत मोतियों जैसी है जो स्वर्ग में होने का अहसास कराती है। मान्यता है कि जिस व्यक्ति पर पाप का बोझ होता है, उस पर इस झरने की एक भी बूंद नहीं गिरती। स्थानीय लोगों के अनुसार, केवल वही व्यक्ति इसकी बूंदों को महसूस कर पाता है, जिसका मन और कर्म शुद्ध होते हैं।

### तप्त कुंड

बद्रीनाथ मंदिर के पास अलकनंदा नदी के पवित्र तट पर एक प्राकृतिक गर्म पानी का कुंड मौजूद है। श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने से पहले इस कुंड में स्नान करने जरुर आते हैं। माना जाता है कि इस पवित्र कुंड में स्नान करने का खास महत्व बताया जाता है और इसके साथ पानी को औषधीय गुणों से भरपूर माने जाते हैं, जिसमें स्नान करने से हेल्थ संबंधित समस्याएं दूर हो जाती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

**न्यूज IN ब्रीफ**

## मिर्जाचौकी थाना का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी लंबित मामलों में तेजी लाने का निर्देश



**साहिबगंज :** जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रविवार की शाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने मिजाचौकी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने,अभिलेखों के रख-रखाव की समीक्षा करने चोरी के मामलों का उद्भेदन तथा अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी करने का निर्देश दिए।इस मौके पर एसडीपीओ किशोर तिर्की,इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता,मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप जयंती पर होगा राष्ट्रीय स्वाभिमान समागम का आयोजन



**साहिबगंज :** शहर के जिरवाबाड़ी शीशा काली मंदिर प्रांगण में सवर्ण समाज समन्वय समिति की बैठक रखी गई जो सेवानिवृत शिक्षक राम इकबाल सिंह की अध्यक्षता में की गई।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा सवर्ण समाज को प्रताड़ित करने के लिए अनेक प्रकार के कानून जैसे यूजीसी रेगुलेंस 2026, हर सरकारी योजना से दूरी रखना जैसे निरंतर कानून जो बनाये जा रहे हैं।उसके खिलाफ अपनी एकजुटता दिखाने के लिए की जा रही है। बैठक में आगामी 9 मई 2026 दिन शनिवार को वीर महाराणा प्रताप जी की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वाभिमान समागम का आयोजन जिरवाबाड़ी शीशा काली मंदिर में होगा।वीर महाराणा प्रताप की चित्र पर माल्यार्पण उपरांत सामाजिक गोष्टी एवं मां काली की आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से राम इकबाल सिंह,विकास चौधरी,अंकित पाण्डेय,अनिल सिंह,बच्चन पाठक, राजेश कुमार वर्मा,परमानंद उपाध्याय,संजीव मिश्रा,अरुण तिवारी,अजित झा,सदानंद गोस्वामी, सुमन झा आदि अन्य लोगों उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**देवघर :** जिले में झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड पात्रता परीक्षा-2024 के सफल एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन को लेकर रविवार को जिले के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा व अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के 'कंट्रोल रूम', सीसीटीवी फुटेज और परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने केंद्र अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि, ₹परीक्षा की गोपनीयता और पवित्रता सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।₹ उन्होंने वीक्षकों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि वे परीक्षा कक्ष में मानक संचालन प्रक्रिया (रडढ) का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। आगे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए केंद्रों पर तैनात पुलिस बल और दंडाधिकारियों को 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 के अनुपालन और भीड़ नियंत्रण को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। साथ ही, भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर पेयजल, बिजली और प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया।

## सड़क हादसे में हिरण हुआ घायल वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**इचाक :** प्रखंड अंतर्गत एनएच-33 पर सिरसी गांव के समीप रविवार सुबह करीब 6 बजे सड़क पार करने के दौरान एक हिरण का शावक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों तुलसी प्रसाद, कृष्ण देव प्रसाद और लक्ष्मीनारायण प्रसाद के अनुसार, शावक अचानक जंगल की ओर से सड़क पर आ गया। तेज रफ्तार वाहनों को देखकर वह घबरा गया और छलांग लगाने के दौरान वाहन की चपेट में आ गया, जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वनरक्षी प्रकाश किस्कू रेस्क्यू टीम के साथ पहुंचे और घायल शावक को इलाज के लिए जिला पशु चिकित्सालय भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि नेशनल पार्क क्षेत्र से भोजन-पानी की तलाश में जंगली जानवर अक्सर गांव की ओर आ जाते हैं। उन्होंने वन विभाग से वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके आवास में समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

## खड़ा ट्रेलर धू-धू कर जला

**चौपारण :** दनुआ घाटी स्थित महानेटांड़ के समीप रविवार को खड़े एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी ट्रेलर धू-धू कर जलने लगी। गनीमत रही कि घटना के समय चालक वाहन के अंदर मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि ट्रेलर का चालक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर पास के ही एक होटल में आराम कर रहा था। इसी बीच अचानक इंजन से लपटें उठने लगीं। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग ने पूरी केबिन को अपनी चपेट में ले लिया।

# क्या सच बोलने का अंजाम बारूद के धमाके और परिवार की असुरक्षा है : वरुण जायसवाल

### हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश की प्राथमिकी दर्ज करने की लगाई गुहार

संवाददाता

**साहिबगंज/कोटालपोखर :** जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में एक निडर नागरिक द्वारा अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाना जानलेवा साबित हो रहा है। सोशल एक्टिविस्ट और व्हिसलब्लोअर वरुण जायसवाल के घर पर बीती रात अपराधियों ने बारूद और बमों से जानलेवा हमला किया। वरुण जायसवाल ने इस संबंध में कोटालपोखर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश की प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है।






वरुण जायसवाल द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार 25 अप्रैल 2026 की रात्रि लगभग 12:30 बजे संगठित माफिया प्रवृत्ति के लोग उनके घर पर आए और उन्हें जान से मारने की नीयत से एक के बाद एक चार बम मारे। धमाके इतने शक्तिशाली थे कि पूरे परिवार में अफरा-तफरी मच गई। वरुण की वृद्ध बीमार माँ इस भयावह घटना के कारण सदमे में बेहोश हो गईं। वहीं घर के छोटे बच्चे दहशत के कारण रात भर रोते रहे। वरुण का आरोप है कि यह हमला उन्हें और उनके परिवार को खत्म करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है।वरुण जायसवाल ने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया है।कि वह अपने घर में सीसीटीवी कैमरा लगवाकर क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों पत्थर, गिट्टी और बालू की तस्करी पर नजर रख रहे थे। वह फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से बिना वैध माइनिंग चालान के झारखंड से पश्चिम बंगाल तक होने वाली अवैध ढुलाई को उजागर करते रहे हैं। इसी कारण अवैध खनन सिंडिकेट से जुड़े लोग उन्हें लगातार निशाना बना रहे हैं।आवेदन में वरुण ने खुलासा किया है कि यह हमला अचानक नहीं था। जब वरुण 20 अप्रैल 2026 को दिल्ली में थे, तब उनकी पत्नी के मोबाइल पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। हमले वाले दिन वरुण को अपने घर के पास स्थित 'बजाज शोरूम' के पास कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखी थीं। उन्हें पूर्ण आशंका है कि आरोपियों द्वारा हमले से पहले उनकी निगरानी की जा रही थी।इससे पहले भी वरुण और उनके परिवार की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की गई थी, जिसकी शिकायत प्राथमिक की नंबर 28/2023 थाने में दर्ज है।वरुण जायसवाल ने हमले के पीछे निम्नलिखित व्यक्तियों को नामजद किया है जिसमें विकास जायसवाल, राजेश कुमार साह, विष्णु कुमार साह, दुलाल कुमार साह, रितेश कुमार चौधरी, और कंचन घोष नीमजोल का रहने वाला है।वरुण ने मांग की है कि इन आरोपियों के विरुद्ध धारा 307 हत्या का प्रयास, 12ओबी आपराधिक षड्यंत्र452 गृह अतिक्रण और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए।अपनी और अपने परिवार की जान को अत्यंत गंभीर खतरा बताते हुए वरुण ने इस आवेदन की प्रति उपायुक्त साहिबगंज डीआईजी दुमका, एसपी साहिबगंज और डीजीपी रांची को भी भेजी है। उन्होंने मांग की है कि घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए जाएं और उन्हें व उनके परिवार को तुरंत सुरक्षा प्रदान की जाए। जबकि वरुण जायसवाल का सवाल क्या सच बोलने का अंजाम बारूद के धमाके और परिवार की असुरक्षा है? अब देखना यह है कि साहिबगंज पुलिस इन नामजद आरोपियों पर कब और कैसे कार्रवाई करती है। यह बात भी सोचने वाली है। क्या करवाई होगी की नहीं ।

## आरिफ खान को देखने और उनकी बातों को सुनने के लिए उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड क्षेत्र के मदरसा नूरुल होदा मैदान में जामियातुल-फलाह लीलबनिन व कुल्लिया फातिमातुज जहरा लिल बनात की ओर से दो दिवसीय जलसा शनिवार देर तक चलने के बाद समापन हो गया।बॉलीवुड के पूर्व एक्टर आरिफ खान उर्फ रॉकी को देखने और उनकी दिन और ईमान की बातों को सुनने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा था।साहिबगंज,तीनपहाड़, गोड्डा महगामा ललमटिया बोआरीजोर, मंडरो भगैया,बरहेट,हिरणपुर सहित अन्य इलाके से लाखों की संख्या में लोग आकर आरिफ खान उर्फ रॉकी की दीनी बातों को सुनने के पहुंचे थे वही उनसे हाथ मिलाने और सेल्फी लेने के लिए काफी दीवानगी देखी गयी।आरिफ खान ने लोगों बताया कि1990 के दशक में 14 -15 फिल्मों के साथ कई टीवी सीरियल में काम कर चुके है फिल्म फुल और कांटे मूवी में उनका किरदार काफी लोकप्रिय




रहा हालांकि वर्ष 2007 में फिल्मी दुनिया को अलविदा कहकर तब्लीगी जमात से जुड़ने का निर्णय लिया उस समय से पीछे मुड़कर नहीं देखा और पूरी तरह धार्मिक कार्यों में लगे रहे।वही झारखंड एवं अन्य राज्यों के मशहूर मौलानाओं ने तकरीर के माध्यम से सच्चाई पर चलने,झूठ एवं बुरे कामों से बचने औरतों को पर्दे में रहने, अपने पतियों की इज्जत करने, दिन व इस्लाम के रास्ते पर चलने, मोबाइल का गलत इस्तेमाल से बचने, पड़ोस में रहने वाले गरीबों का ख्याल रखने,अमन चैन व आपस में मिलजुलकर रहने की नसीहत दी।इधर पुलिस प्रशासन की ओर से जगह-जगह पर सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात की गई है।इस मौके पर नसीम अंसारी, कैश अंसारी जलसा कमिटी के अध्यक्ष जहांगीर अंसारी सचिव मुजफ्फर अंसारी, रिजवान अंसारी, गफ्फार अंसारी मौलाना खुर्शीद आलम,कौसर फैजी, कुर्बान अंसारी मुख्तार अली, शरीफ अंसारी, जावेद अंसारी, मंजूर आलम, मुजाहिद अंसारी सहित अन्य मौलाना एवं कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

## ट्रैक्टर से कुचल कर साढ़े तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के कुत्ती मोड़ उत्तर पलाशगाछी में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में साढ़े तीन वर्षीय मासूम बच्ची की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिट्टी लदा तेज रफ्तार ट्रैक्टर सड़क से गुजर रहा था। इसी दौरान शमसुल हाजी के पोता कौशर शेख की साढ़े तीन वर्षीय पुत्री सड़क पार कर रही थी। तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मासूम की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को घेर लिया और लापरवाही पर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि



क्षेत्र में तेज रफ्तार और बिना नियमों के ट्रैक्टरों का संचालन लगातार हो रहा है। मिट्टी, बालू और अन्य सामान ढोने वाले वाहन बेलगाम होकर गांव की सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक बेलगाम ट्रैक्टर मासूमों की जान लेते रहेंगे? क्या प्रशासन इन तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा, या फिर ऐसे हादसे यूं ही होते रहेंगे?

## आवास योजना के लंबित लाभुकों से राशि वसूली और कानूनी कार्रवाई की सूचना जारी

**साहिबगंज/बोरियो :** अबुआ आवास योजना के लंबित लाभुकों ने शनिवार को बोरियो थाना में जल्द आवास निर्माण एवं आवास न बनाने के स्थिति में ब्याज सहित



राशि लौटाने को लेकर पी आर बॉन्ड आवेदन दिया। विदित हो कि बोरियो प्रखंड के बड़ामदनशाही, बड़ा तौफीर, बिचपुरा,बोरियो बाजार पंचायत के आबुआ आवास योजना के कई लाभुकों ने दो वर्ष पूर्व मिले योजना के पहली किस्त के तीस हजार राशि मिलने के बावजूद आवास का निर्माण शुरूआत नहीं किया गया है,प्रखंड कार्यालय के द्वारा पूर्व में कई बार आवास निर्माण को लेकर नोटिस जारी किया गया था। लेकिन लाभुकों आवास को लंबित रख दिया,प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा आवास योजना के लंबित लाभुकों से राशि वसूली और कानूनी कार्रवाई के सूचना जारी किया गया है।

## महिला को चाकू घोंपकर हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के पहाड़गांव में बीते मध्य रात एक विवाहिता महिला को गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। जबकि क्षेत्र मे दहशत का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार मोमेना खातुन पिता जरजीश शेख की शादी चार माह पहले बरहरवा थाना क्षेत्र के सेरासीन साहेबडंगा में हुआ था।शादी के बाद से ही दहेज को लेकर प्रताड़ित करने के कारण महिला को घर से भगा दिया था।दो महीने से उक्त महिला मायके पहाड़गांव में थी। बीते रात जलसा से रात ग्यारह बजे अपने



एक छोटी बहन के साथ घर पहुंच कर कमरे में सो गए।इसी बीच मृतक के पति समेत तीन लोग कमरे में घुसकर मृतक मोमेना बीबी को खींचकर बरामदे में अंधाधुंध चाकू से वार करना शुरू किया।मृतक के बहन के द्वारा हल्ला करने पर घायलवस्था में मृतक को छोड़कर भाग गया।घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल ले गए।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।इधर घटना को लेकर एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी के निर्देश पर राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी व बरहरवा थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह को कथित आरोपी के गिरफ्तारी के लिए टीम गठित किया।टीम ने रात दो बजे तक आरोपी पति को बरहरवा थाना क्षेत्र के किसी आम बगान से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है।

## धोखाधड़ी मामले में ईडी ने आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर मनोज कुमार की संपत्ति जब्त की

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड के जिला अंतर्गत एसबीआइ बरहेट शाखा में हुए 5.40 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में ईडी ने आरोपित पूर्व बैंक मैनेजर मनोज कुमार की संपत्ति जब्त कर ली है। यह मामला सीबीआइ एसीबी धनबाद की ओर दर्ज किया गया था। हालांकि बाद के दिनों में इसे ईडी ने लिया और जांच के बाद अपनी कार्रवाई शुरू की है।पूरे जांच में यह मामला सामने आया है। कि विधानसभा का चुनाव लड़ने की चाहत में शाखा प्रबंधक मनोज कुमार ने यह धोखाधड़ी की। इसके लिए कुमार ने साइबर अपराधियों की भी मदद ली और ग्राहकों का मोबाइल नंबर बदलकर राशि की निकासी की। इतना ही नहीं धोखाधड़ी के इन पैसों से मनोज कुमार ने अपनी सामाजिक छवि बनाने के लिए लोगों के बीच जमकर साड़ी-धोती का वितरण भी किया था।

**सीबीआइ ने की थी छापामारी और गिरफ्तारी भी**

करोड़ों के इस धोखाधड़ी मामले को लेकर सीबीआइ एसीबी धनबाद की टीम ने वर्ष 2022 में छापामारी भी किया था। मनोज कुमार बरहेट में 2026-18 तक कार्यरत थे। इस दौरान बबीता कुमारी नामक महिला के नाम से संचालित सीएसपी के माध्यम से राशि की निकासी की गई थी।छापामारी मनोज कुमार के साथ-साथ बबीता कुमारी के सीएसपी व आवाास के साथ ही पेटरब्स्सा के मनोज दास, डुमरिया के मोहरम अंसारी और भागाबांध के कुर्बान अंसारी के घर छापेमारी हुई थी। वर्ष 2024 में इस मामले को लेकर सीबीआइ




एसीबी धनबाद ने अपना चार्जशीट भी दाखिल किया था।

**ऐसा हुआ था मामले का खुलासा**

इस मामले का खुलासा साइबर अपराध से संबंधित एक मामले की छानबीन के दौरान हुआ था। साइबर अपराधियों ने साहेबगंज के बरहड़वा रेल कालोनी में रहने वाले हलधर राय के खाते से करीब 11 लाख रुपये निकाल लिए थे। इसकी प्राथमिकी होने के बाद जब साइबर पुलिस ने जांच शुरू किया तो पहले बैंक मनेजर की संलिप्तता सामने आयी। इसके बाद बरहेट में आदिवासी पहाड़िया के किसान प्रोत्साहन राशि,किसान क्रेडिट कार्ड एवं मृत पेंशनधारी खतधारको के खाते से पैसे की अवैध निकासी करने का मामला प्रकाश में आया,जिसमें सीएसपी संचालक भी शामिल थे ।आगे जाँच वर्तमान में भी जारी है ,देखना ये है और कितने राज खुलने वाले है





# अफेयर की चर्चाओं के बीच धनुष की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी मृणाल!

पिछले साल मृणाल ठाकुर और धनुष के रिश्ते को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही थीं। यहां तक कि दोनों की शादी तक कीं अफवाहें बी-टाउन की गलियों में फैली थीं। हालांकि, मृणाल ने कई बार इन्हें अफवाहें बताकर खारिज किया। अब एक बार फिर मृणाल और धनुष चर्चाओं में हैं, लेकिन इस बार वजह पर्सनल नहीं बल्कि प्रोफेशनल है। चर्चाएं हैं कि मृणाल ठाकुर धनुष के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में प्रमुख भूमिका में नजर आ सकती हैं।

## धनुष करेंगे फिल्म का निर्देशन

इंडिया टुडे में छपी एक खबर के मुताबिक, एक महिला प्रधान फिल्म पर काम चल रहा है और मृणाल ठाकुर को मुख्य भूमिका के लिए चुना जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में महिला मुख्य कलाकार के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी और बातचीत अंतिम चरण में है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ अन्य खबरों के अनुसार, धनुष इस फिल्म का निर्देशन कर सकते हैं, जो 1960 या 1970 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी। आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक मेकर्स की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## उड़ी थीं मृणाल और धनुष के अफेयर की खबरें

धनुष और मृणाल ठाकुर के बारे में अफवाहें पिछले साल अगस्त 2025 से फैलनी शुरू हुई थीं। जब दोनों को मृणाल की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के प्रीमियर पर एक साथ देखा गया। इससे पहले धनुष की फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप पार्टी में भी मृणाल ठाकुर की मौजूदगी ने सबका ध्यान खींचा था। सोशल मीडिया पर धनुष के परिवार के सदस्यों को फॉलो करते हुए मृणाल के देखे जाने के बाद अटकलें और तेज हो गईं। बाद में मृणाल ठाकुर ने अपनी फिल्म 'दो दीवाने शहर में' के प्रमोशन के दौरान अपनी शादी की अफवाहों को खारिज किया था। उन्होंने इन चर्चाओं को सिर्फ अफवाह बताया था।



### इस फिल्म में नजर आएंगे धनुष

वर्कफ्रंट की बात करें तो मृणाल हाल ही में आदिवी शेष के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आईं। इस एक्शन रोमांटिक ड्रामा को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं और बॉक्स ऑफिस पर इसकी शुरुआत धीमी रही। वहीं धनुष अपनी अगली फिल्म 'कारा' की तैयारी में जुटे हैं, जो 1991 के खाड़ी युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह फिल्म 30 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# एक्टिंग नहीं छोड़ रहे हैं करण वाही

टीवी से वेब सीरीज का सफर तय करने वाले अभिनेता करण वाही 'रीमिक्स', 'दिल मिल गए', 'नेवर किस योर बेस्ट फ्रेंड' (सीजन 2) और 'चन्ना मेरेया' जैसे कई शो में अभिनय करने के बाद घर-घर में मशहूर हो गए। हाल ही में उन्होंने अपने आध्यात्मिक सफर और जीवन में कुछ देर बाद अपने विश्वासों तक पहुंचने के बारे में खुलकर बात की। सोशल मीडिया पर उनके ये बयान वायरल होने के बाद कई लोगों ने कयास लगाए कि करण अभिनय पूरी तरह छोड़ने वाले हैं। चर्चाओं के बढ़ने के बाद अब अभिनेता ने इसके पीछे की सच्चाई बताई है।
करण वाही ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट का जवाब दिया, जिसे बाद में हटा दिया गया था। उस पोस्ट में कहा गया था कि अभिनेता ने आध्यात्मिकता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अभिनय से दूरी बनाने का फैसला किया है। इस पोस्ट को स्टोरी पर साझा करते हुए करण ने कैप्शन में लिखा, 'आध्यात्मिक होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे अपना काम छोड़ना होगा। कृपया वायरल होने के लिए अफवाहें न फैलाएं। संबंधित व्यक्ति से अनुरोध है कि इस पोस्ट को हटा दें और झूठ न फैलाएं। धन्यवाद।'
वर्कफ्रंट की बात करें तो करण वाही को हाल ही में सोनी लिव पर स्ट्रीम करने वाली रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी' (2024) में देखा गया था।



# जैकी भगनानी न रकुल प्रीत सिंह से शादी के कारणों आपसी बॉन्डिंग को लेकर बात की



रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के क्यूट कपल में से एक हैं। दोनों अक्सर साथ में कपल गोल देते रहते हैं। हाल ही में जैकी भगनानी ने अपने रिश्ते को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि शादी के बावजूद वह अपने रिश्ते को सिचुएशनशिप की तरह मानते हैं। साथ ही जैकी ने आपस की बॉन्डिंग को लेकर भी बात की। हाल ही में जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह ने शादी के कारणों और अपने रिश्ते में आए बदलावों के बारे में बात की। जैकी ने बताया कि हमने एक-दूसरे से कहा कि अब हम 20-21 साल के नहीं हैं। हम दोनों ने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से खुशमिजाज इंसान हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश नहीं कर रहा जो मेरे जीवन की कमी को पूरा कर सके, क्योंकि अगर मैं उदास रहूंगा, तो चाहे कोई भी मेरे जीवन में आए, मैं उदास ही रहूंगा। तुम भी व्यक्तिगत रूप से खुश हो। साथ में हम और भी खुश हैं। इस पर रकुल ने कहा कि वे एक-दूसरे के जीवन की कमी को पूरा कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि तुम मुझे छुट्टी पर नहीं ले गए, इसलिए मैं दुखी हूं। मैं अकेले भी छुट्टी पर जा सकती हूं। मुझे लगता है कि जीवन में बात करने के लिए और भी महत्वपूर्ण बातें हैं।

इस दौरान जैकी ने कहा कि रकुल और मैं शादीशुदा हैं, लेकिन हमारा रिश्ता एक तरह का सिचुएशनशिप है। इसका मतलब है कि हम एक-दूसरे के लिए ही बने हैं, क्योंकि शादी इसी वजह से हुई है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं उससे हर बात खुलकर कह सकता हूं। अगर रकुल के आस-पास होने पर मेरी कोई एक्स गर्लफ्रेंड मुझे फोन करती है, तो मैं स्पीकरफोन पर बात करने में जरा भी संकोच नहीं करता। यह जताते हुए कि मैं अपनी पत्नी से कुछ भी नहीं छिपाता। मैं कुछ भी नहीं छिपाता, इसलिए मुझे घुटन महसूस नहीं होती।

# घर और परिवार से दूर रहने की वजह से मैं अकेलापन महसूस करने लगी थी



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री मालविका मोहनन अक्सर अपनी फिल्मों और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं। लेकिन, चमकती दुनिया के पीछे कलाकारों की जिंदगी में कई बार ऐसा अकेलापन भी होता है, जिसके बारे में लोग कम ही जानते हैं। हाल ही में मालविका ने अपने दिल की बात फैंस के साथ साझा की और बताया कि एक समय ऐसा आया था, जब वह अंदर से काफी टूट गई थीं। उन्होंने बताया कि परिवार और अपनों से दूर रहने की वजह से वह खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं। दरअसल, मालविका मोहनन ने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन रखा था। इस दौरान फैंस ने उनसे कई निजी और प्रोफेशनल सवाल पूछे। इसी बीच एक फैन ने उनसे पूछा कि वह आखिरी बार कब रोई थीं? इस सवाल का जवाब देते हुए मालविका ने कहा, ''पिछले महीने मैं काम के सिलसिले में चेन्नई में थीं। वहां मुझे लंबे समय तक रुकना पड़ा था। मेरी टीम बहुत अच्छी थी और काम भी ठीक चल रहा था, लेकिन लंबे समय तक घर और परिवार से दूर रहने की वजह से मैं धीरे-धीरे अकेलापन महसूस करने लगी थीं।''
उन्होंने कहा, ''दिनभर शूटिंग और काम में व्यस्त रहने के बाद जब मैं रात में अपने होटल के कमरे में लौटती थीं, तो वहां मुझसे बात करने वाला कोई नहीं होता था। यही चीज मुझे अंदर से परेशान करने लगी। मैं मानसिक रूप से काफी उदास थी। लगातार अकेले रहने का असर मेरे मन पर पड़ने लगा था, जिसके वजह से मुझे रोना आता था।''
अपने निजी अनुभव साझा करने के साथ-साथ मालविका ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि वह इस समय अभिनेता विजय सेतुपति के साथ एक तमिल फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्यागराजन कुमार राजा कर रहे हैं। मालविका ने निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा कि वह सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। मालविका ने बताया कि इस फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल' है और यह इसी साल रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा, ''इस प्रोजेक्ट को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए खास अनुभव रहा है।''

# आईपीएल 2026 : रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर, अभिषेक शर्मा के सिर सजी ऑरेंज कैप

एजेंसी



**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में 26 अप्रैल का दिन गेंदबाजों के नाम रहा, जहां दो मुकाबलों में कुल 26 विकेट गिरे, जिसमें सुपर ओवर भी शामिल रहा। इस प्रदर्शन के बाद पर्पल कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कगिसो रबाडा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट झटके और अपनी टीम गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से जीत दिलाई।

चेन्नई की पिच पर मौजूद नमी ने तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त मदद दी, जिसका रबाडा ने पूरा फायदा उठाया। तेज रफ्तार और अतिरिक्त उछाल के साथ उन्होंने बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया।इस प्रदर्शन के साथ रबाडा अब आठ मैचों में 13 विकेट लेकर पर्पल कैप की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं शीर्ष स्थान पर अंशुल कंबोज और ईशान मलिंगा 14-14 विकेट के साथ बने हुए हैं।

### ऑरेंज कैप में बड़ा उलटफेर

बल्लेबाजी की बात करें तो एक ही दिन में ऑरेंज कैप की दौड़ पूरी तरह बदल गई। विराट कोहली 24 घंटे के भीतर पहले स्थान से खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

दिल्ली में खेले गए मुकाबले में केएल राहुल ने नाबाद 152 रन बनाकर बीस ओवर प्रारूप में किसी भारतीय का सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया और 357 रन के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

हालांकि, जयपुर में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंदों में 103 रन की पारी खेलते हुए राहुल के बराबर 357 रन बना लिए और बेहतर प्रहार दर के आधार पर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। इसके कुछ ही देर बाद अभिषेक शर्मा ने 29 गेंदों में 57 रन की पारी खेलते हुए 380 रन के साथ बल्लेबाजी सूची में पहला स्थान हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा 380 रन के साथ पहले स्थान पर हैं।=वैभव सूर्यवंशी और केएल राहुल 357-357 रन के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

हेनरिक क्लासेन 349 रन के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि शुभमन गिल (330 रन) और विराट कोहली (328 रन) क्रमशः उनके पीछे हैं।

# खराब फॉर्म के बावजूद निकोलस पूरन पर भरोसा सही: जस्टिन लैंगर

**लखनऊ :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार पांचवीं हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने सुपर ओवर में निकोलस पूरन को भेजने के फैसले का बचाव किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में पूरन सुपर ओवर में सुनील नरेन का सामना करने उतरे, लेकिन पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मैच के बाद लैंगर ने कहा, ह्लहमें पता था कि गेंदबाजी सुनील नरेन करेंगे। पूरन ने दुनिया में सबसे ज्यादा बार उनका सामना किया है, इसलिए हमें लगा कि वही सबसे बेहतर विकल्प हैं। भले ही वह इस समय फॉर्म में नहीं हैं, लेकिन बड़े खिलाड़ियों पर भरोसा करना पड़ता है। उन्होंने यह भी माना कि पूरन आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्लवह लगातार मेहनत कर रहे हैं। यह दिखाता है कि बड़े खिलाड़ी भी इंसान होते हैं। आत्मविश्वास प्रदर्शन से ही आता है। लैंगर ने हार के लिए पिच को सही तरीके से न समझ पाने को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि काली मिट्टी की पिच धीमी थी और उस पर गेंद ज्यादा घूम रही थी, लेकिन टीम खुद को उसके अनुसार ढाल नहीं पाई।

# सुपर ओवर के रोमांच में कोलकाता की जीत, रिंकू सिंह और सुनील नरेन बने हीरो

एजेंसी



**लखनऊ :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले सुपर ओवर मुकाबले में हराकर शानदार जीत दर्ज की। बीआरएसएबीवी इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले ने दर्शकों को आखिरी गेंद तक बांधे रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में एलएसजी ने भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाकर मैच टाई कर दिया। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब मोहम्मद शमी ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

सुपर ओवर में कोलकाता की ओर से सुनील नरेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लखनऊ को सिर्फ 01 रन पर रोक दिया और दो अहम विकेट झटके। निकोलस पूरन पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए, जबकि एडन मार्करम शानदार कैच के चलते आउट हुए। इस कैच में रोवमन पॉवेल और रिंकू सिंह की बेहतरीन साझेदारी देखने को मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। रिंकू ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 51 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए और फील्डिंग में भी चार अहम कैच लपके। इस जीत के साथ केकेआर ने न सिर्फ अंक तालिका में अपनी स्थिति सुधारी, बल्कि टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत भी दर्ज की। वहीं, एलएसजी के लिए यह मुकाबला बेहद करीबी हार के रूप में दर्ज हुआ।

# मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र आज, महिला आरक्षण पर चर्चा, 33% आरक्षण का संकल्प हो सकता है पारित

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आज(सोमवार को) सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। सत्र का मुख्य मुद्दा महिला आरक्षण और ह्यनारी शक्ति वंदनह्ल रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सदन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा शासकीय संकल्प पेश करेंगे। सत्र की शुरूआत दिवंगत पूर्व विधायकों और पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को श्रद्धांजलि के साथ होगी। इसके बाद महिला सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शासकीय संकल्प पेश करेंगे। महिला आरक्षण और परिसीमन को



लेकर शासकीय संकल्प प्रस्तुत करेंगे। संकल्प में संसद और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने और परिसीमन प्रक्रिया पूरी कर इसे जल्द लागू करने की बात कही जाएगी। राजनीतिक रूप से भी यह सत्र अहम माना जा रहा है। सत्तारूढ़ भाजपा जहां महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष पर हमलावर है। भाजपा का कहना है कि संसद में महिला आरक्षण विधेयक के दौरान विपक्षी दलों के विरोध के कारण यह मुद्दा लंबे समय तक अटका रहा। वहीं कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाया है। कांग्रेस का तर्क है कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के बजाय मौजूदा सीटों पर ही 2023 में पारित बिल के अनुसार 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। विशेष सत्र को महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर राजनीतिक रूप से भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि दोनों प्रमुख दल इसे अपने-अपने तरीके से जनता के बीच रखने की तैयारी में हैं। सत्र से पहले भाजपा-कांग्रेस ने बुलाई विधायक दल की बैठक विधानसभा सत्र के पहले भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने विधायक दल की बैठक बुलाई है। भाजपा विधायक दल ही बैठक मुख्यमंत्री आवास पर होगी। वहीं, कांग्रेस विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आवास पर आयोजित होगी। महिला आरक्षण को लेकर विधानसभा के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस ने भाजपा सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि भाजपा प्रक्रियात्मक कारणों का हवाला देकर महिला आरक्षण लागू करने में देरी कर रही है। कांग्रेस विधायक विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी और सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग करेगी कि महिला आरक्षण लागू करने की समयसीमा और प्रक्रिया क्या होगी।

## यूपी होमगार्ड्स परीक्षा का आज अंतिम दिन, 19 केंद्रों पर 16,800 अभ्यर्थी शामिल

एजेंसी

**जौनपुर :** यूपी के जौनपुर में उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा सोमवार को तीसरे और अंतिम दिन शुरू हो गई। जनपद के 19 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में दोनों पालियों को मिलाकर कुल 16,800 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रत्येक पाली में 8,400 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक जांच और फ्रिस्किंग के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश



दिया जा रहा है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखे गए हैं और तीन स्तरीय सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है।नकल रोकने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और बाह्य परीक्षा सहायकों की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को आरक्षित रखा गया है।परीक्षा में मुख्य रूप से स्नातक और उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं, जिनमें 21 वर्ष से अधिक आयु के उम्मीदवारों की संख्या अधिक है। प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी केंद्रों तक पहुंचाई गई हैं।जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मुख्य चिकित्साधिकारी और केंद्र व्यवस्थापकों को गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सराफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,54,030 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,41,190 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,41,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी आई मामूली कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,180 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री 11-12 मई को नेपाल दौरे पर



एजेंसी

**काठमांडू :** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री 11 और 12 मई को नेपाल के दौरे पर रहेंगे। काठमांडू स्थित भारतीय राजदूतावास और दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास के अधिकारियों के अनुसार, मिस्त्री की दो दिवीय यात्रा के कार्यक्रम के लिए दोनों पक्षों के बीच अनौपचारिक बातचीत शुरू हो गई है।मिस्त्री को नेपाल के विदेश सचिव अमृत राई ने औपचारिक निमंत्रण भेजा था। बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद भारत से किसी बड़े राजनयिक की यह पहली यात्रा होगी। हालांकि इससे पहले मॉरिशस में आयोजित नौवें हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान नेपाल के विदेशमंत्री शिशिर खनाल और भारतीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर की मुलाकात हो चुकी है। इस मुलाकात में जयशंकर ने कहा था कि विदेशमंत्री और प्रधानमंत्री स्तर की यात्राओं को परिणाममूलक बनाने के लिए नई नेपाल सरकार की प्राथमिकताओं को समझना जरूरी है। इसी उद्देश्य से उन्होंने विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री को काठमांडू भेजने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि मिस्त्री की काठमांडू यात्रा का एजेंडा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। यात्रा से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, वे काठमांडू में नई सरकार की प्राथमिकताओं और नई दिल्ली की अपेक्षाओं पर चर्चा करेंगे। शनिवार को नई दिल्ली में नेपाली पत्रकारों के साथ बातचीत में विक्रम ने कहा कि वह बहुत जल्द काठमांडू जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने प्रो. दिलीप कुमार बरुवा की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

एजेंसी

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने प्रख्यात शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री और क्विज संस्कृति के अग्रदूत प्रोफेसर दिलीप कुमार बरुवा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट शेयर करते हुए राज्य के सिपाझार में जन्मे प्रख्यात शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री प्रोफेसर दिलीप कुमार बरुवा की पुण्यतिथि पर उन्हें गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उन्होंने अपना पूरा जीवन असम में शिक्षा के विकास के लिए समर्पित किया। उन्होंने असम में क्वीज संस्कृति को लोकप्रिय बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, सोच और समाज सेवा में उनका योगदान असम के जीवन में हमेशा ताजा रहेगा। उनके आदर्श और विचार हमेशा अगली पीढ़ी को ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। ज्ञात हो कि दिलीप कुमार बरुआ (जन्म 16 मार्च 1943, निधन 27 अप्रैल, 2017)



असम के एक शिक्षक, लेखक और अर्थशास्त्री थे। वे एक तर्क शास्त्री और क्विज मास्टर के रूप में प्रसिद्ध थे। उन्हें असम में क्विज का जनक भी माना जाता है।

उनका जन्म दरंग जिले के सिपाझार में हुआ था। उन्होंने अपना बचपन अपने पिता की नौकरी के लिए शिलांग में बिताया और वहीं से मैट्रिक की परीक्षा पास की। उन्होंने सेंट एंथोनी कॉलेज, कॉटन कॉलेज और दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययन किया। उन्होंने 1966 में कॉटन कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग में व्याख्याता के रूप में प्रवेश लिया। वे 2001 में हाफलोंग कॉलेज के प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद, उन्होंने विभिन्न संस्थानों में सक्रिय भूमिका निभाना जारी रखा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को लिखी पाती

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं के परिणाम पर छात्रों के नाम भावुक पाती लिखी। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को चिट्ठी लिखकर सफल छात्रों को बधाई दी, वहीं असफल छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा ह्लसफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं, निराश न हों, ह्यचरैवेति-चरैवेति के मंत्र के साथ आगे बढ़ते रहें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा है कि यह मेरी पाती विशेषकर उन बच्चों के लिए है जो किन्हीं कारण से अपेक्षित परिणाम नहीं ला पाए। सफलता और असफलता जीवन के अंग हैं। सफलता ही हमें उत्साहित करती है लेकिन असफलता से निराशा घर कर सकती है। बस हमें इसी निराशा को हटाकर चरैवेति चरैवेति के मंत्र पर आगे बढ़ाना है। चलते रहो चलते रहो, निरंतर परिश्रम, प्रगति और जीवन में न रुकने का संदेश देता है। याद रखिए एक असफलता भविष्य की असीमित सफलताओं एवं संभावनाओं की जननी हो सकती है। कोई भी परिणाम जीवन का पहला और अंतिम नहीं होता, अपितु एक नए आरंभ का अवसर होता है। सोना तपकर ही कुंदन बनता है। उन्होंने कहा कि एक असफलता भविष्य की बड़ी सफलता की शुरूआत हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी और 'हीटवेव' की चेतावनी जारी

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में बस्तर को छोड़कर बाकी सभी इलाकों में लू जैसी स्थिति है। राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान भी 28.3 डिग्री पहुंच गया है।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश में भीषण गर्मी और 'हीटवेव' (लू) के साथ-साथ कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया है कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का आगमन प्रारंभ हो चुका है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।उत्तर पूर्व झारखंड में दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण फैला है। इसके अलावा मध्य प्रदेश के मध्य भाग में तीसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण फैला हुआ है।



इसके चलते प्रदेश में एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा तेज हवा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे चलने की संभावना है। एक-दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को रायपुर में तापमान 45 डिग्री के आसपास रहने और लू चलने की संभावना है।रायपुर और आसपास के क्षेत्रों के लिए मौसम विभाग ने लू का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। अगले 3 दिनों तक गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। प्रदेश में फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है।हालांकि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। बावजूद इसके गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव में 44.5 और 44.4 डिग्री बिलासपुर में दर्ज किया गया। जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री रहा। लू चलने की चेतावनी जारी करते हुए मौसम विभाग ने कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

रायपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस, माना एयरपोर्ट में 43.8 डिग्री, बिलासपुर में 44.4 डिग्री, पेण्ड्रारोड में 42.5 डिग्री, अंबिकापुर में 41.5 डिग्री, जगदलपुर में 38.1 डिग्री और दुर्ग में 43.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।उसके पश्चात अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में शांति वार्ता के लिए ईरान द्वारा अमेरिका को नया प्रस्ताव देने के बाद ग्लोबल मार्केट में उत्साह का माहौल बना हुआ है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए थे। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। खरीदारी के



इस सपोर्ट से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,165.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 398.09 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,836.60 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 10,379.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,157.82 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.11 प्रतिशत टूट कर 24,128.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना हुआ है। एशिया के नौ प्रमुख बाजारों में से आठ के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजार में इकलौता सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज का स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स फिलहाल 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,903.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 83 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,037 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,012 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 1,097.58 अंक यानी 2.82 प्रतिशत उछल कर 40,029.98 अंक के स्तर पर आ गया है।

इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 163.73 अंक यानी 2.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,639.36 अंक के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा है। इसके अलावा निक्केई इंडेक्स 1,087.82 अंक यानी 1.82 प्रतिशत की उछाल के साथ 60,804 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 1.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,479.40 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,151.94 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की छलांग लगा कर 4,085.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जुआ खेलते छह जुआरी गिरफ्तार



**तिनसुकिया (असम) :** तिनसुकिया जिलांतर्गत तेल नगरी डिगबोई में पुलिस ने अभियान चलाते हुए छह जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों में तीन इंडिया ऑयल कार्पोरेशन (आईओसी) के कर्मचारी बताये गये हैं। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि डिगबोई शहर के लाजित नगर स्थित जेजे ब्वाइज होस्टल में जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही डिगबोई सम जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु गोहाईं के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर आरोपितों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अरुण चार्की, नरेश कुमार शिलसूत, माडू माधव राव के साथ ही मोहम्मद हासन, पंकज दास और गोल्डी बागरा के रूप में की गयी है। पुलिस ने जुआरियों के पास से नकद धन के साथ ही जुआ खेलने के सामानों को भी जब्त किया है। सूत्रों ने बताया है कि हॉस्टल के नाम पर उक्त घर में लंबे समय से जुआ का कारोबार चल रहा था। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी रखे हुए है।

### सर्कल ऑफिस का कर्मचारी बनकर ठगी करने वाले चार व्यक्ति गिरफ़्तार

**शोणितपुर (असम) :** सोनापुर पुलिस ने जमीन-रजिस्ट्रेशन में धोखाधड़ी का एक मामला उजागर करते हुए शोणितपुर ज़िले से चार आरोपितों को गिरफ़्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि यह मामला तब प्रकाश में आया जब कचुतली के 70 वर्षीय निवासी ने शिकायत की कि सोनापुर सर्कल ऑफिस का कर्मचारी बनकर किसी व्यक्ति ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। आरोप है कि आरोपित ने जमीन के रजिस्ट्रेशन में मदद करने के बहाने पीड़ित से एक महीने के दौरान 17,260 रुपये ठग लिए और उसके बाद उससे संपर्क तोड़ लिया। जांच करने पर, अधिकारियों ने पुष्टि की कि सर्कल ऑफिस में ऐसा कोई भी व्यक्ति काम नहीं करता है, जिससे यह साबित हो गया कि यह जानबूझकर की गई पहचान छिपाने और धोखाधड़ी का मामला है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस की ईजीपीडी टीम ने जांच शुरू की और आरोपितों का पता शोणितपुर ज़िले के तेजपुर में लगाया। इस अभियान के दौरान चार लोगों को गिरफ़्तार किया गया। गिरफ़्तार लोगों की पहचान रियाजुल इस्लाम (22), सैफुल इस्लाम (26), मोजामिल हक (40) और इस्ताकुल हुसैन (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने कानून की संबंधित धाराओं के तहत आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दुलियाजान के ऑयल मार्केट में भीषण आगजनी

**डिब्रूगढ़ (असम) :** दुलियाजान के ऑयल मार्केट क्षेत्र में रविवार की रात भीषण आग लगने से कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान जलकर राख हो गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग की शुरूआत अबु बक्कर सिद्दीक नामक व्यक्ति की किराना की दुकान से हुई। देखते ही देखते आग ने आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कई व्यवसायिक इकाइयों को भारी नुकसान पहुंचा। अचानक लगी इस आग से बाजार में मौजूद व्यवसायियों और ग्राहकों के बीच हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

घटना की सूचना मिलते ही ऑयल इंडिया लिमिटेड की कई दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकल कर्मियों की तत्परता और लगातार प्रयासों के चलते आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि संपत्ति के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

### मिजोरम में गहरी खाई में गिरा सामान ले जा रहा वाहन, कछार के दो युवकों की मौत

**आइजोल (मिजोरम) :** असम के कछार जिले के दो युवकों की मिजोरम के सैतुअल जिले के केइफांग के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि मालवाहक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से दोनों की मौके पर ही जान चली गई। मृतकों की पहचान अकमल हुसैन लस्कर उर्फ शाहीन और राहुल आलम मजूमदार के रूप में हुई है। दोनों कछार जिले के धोलाई क्षेत्र के खुलीचेरा गांव के निवासी थे। हादसे के समय लस्कर वाहन चला रहा था, जबकि मजूमदार उसके साथ सवार था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों सिलचर की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। अदरक से लदा वाहन (एएस-01एससी-7343) एक तीखे ढलान से गुजरते समय अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरा। अधिकारियों के मुताबिक, वाहन के गिरने से उसे भारी क्षति पहुंची और दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए मिजोरम के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

### मप्र के नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाइवे पर हादसा, पांच लोगों की मौत

**नर्मदापुरम :** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाइवे पर आंचलखेड़ा के पास रविवार देर रात टवेरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में टवेरा सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 6-7 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा रविवार देर रात करीब 1 बजे हुआ। पीड़ित महेंद्रवाड़ी व माखननगर के रहने वाले हैं। सभी गांव के राघनेद्र मोरप्पा की शादी में बुधनी गए थे। सभी लोग रात में महेंद्रवाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी वाहन की भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि क्रॉसिंग के दौरान टवेरा ट्रॉली के साइड से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टवेरा के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ लग गई। फिलहाल शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शवों का पोस्टमॉर्टम आज सोमवार को नर्मदापुरम में किया जाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यूज IN ब्रीफ

## फरार अभियुक्त के घर व सार्वजनिक स्थलों पर इश्तहार चस्पा



**हैदरनगर :** जीआर संख्या 1127/2016 के फरार अभियुक्त विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह, पिता स्वर्गीय फुलवंस सिंह, ग्राम रघुनाथपुर थाना हैदरनगर, जिला पलामू के घर एवं चौक-चौराहों पर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार विधिवत इश्तहार चिपकाया गया।यह कार्रवाई हैदरनगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक कुशेश्वर सिंह द्वारा न्यायालयीय प्रक्रिया के तहत संपन्न कराई गई।

थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर विधि सम्मत अगली कार्रवाई की जाएगी।

## कोल्हान विश्वविद्यालय सीनेट में केएमपीएम की छात्रा मनोनीत

**जमशेदपुर :** मिसेस केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज की बीबीए छात्रा अनुमेहा गुप्ता को कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा की सीनेट का सदस्य बनाया गया है। यह नामांकन एक वर्ष के लिए किया गया है। कॉलेज प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और हर्ष व्यक्त किया। सीनेट सदस्य की जिम्मेदारी संभालते ही अनुमेहा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष छात्रों की समस्याएं मजबूती से रखीं। उन्होंने शैक्षणिक सत्रों में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। अनुमेहा ने कहा कि इससे समय पर पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पाठ्यक्रम के अत्यधिक विस्तार और कम पढ़ाई दिनों के असंतुलन पर भी सवाल किया। परीक्षा संरचना को शिक्षण विधियों के अनुरूप न होने और ऑनर्स डिग्री के लिए 7.5 सीजीपीए के नए मानदंड पर आपत्ति जताई।

उनका कहना है कि इस कड़े मानदंड से कई मेधावी छात्र वंचित रह सकते हैं।अनुमेहा ने सत्र पिछड़ने से कॉलेजों को हो रहे राजस्व नुकसान का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इसका असर बुनियादी ढांचे और प्लेसमेंट पर पड़ रहा है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रीता कुमारी ने अनुमेहा के नामांकन को संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से शैक्षणिक कैलेंडर नियमित करने और ऑनर्स पात्रता के लिए संतुलित नीति अपनाने की अपील की।

## बागबेड़ा कॉलोनी में बिजली संकट से आक्रोश, सौंपा मांग पत्र

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा कॉलोनी में एक सप्ताह से जारी अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता आनंद कौशिक को मांग पत्र सौंपकर समाधान की मांग की। मांग पत्र में बताया गया कि बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के उपभोक्ता नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं, इसके बावजूद गर्मी में उन्हें बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। सुनील गुप्ता ने बताया कि कॉलोनी रोड नंबर 3 स्थित ट्रांसफॉर्मर पर अत्यधिक लोड के कारण बार-बार बिजली तार जल जा रहा है, जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है। उन्होंने विभाग से तत्काल तकनीकी सुधार कर स्थायी समाधान की मांग की। कार्यपालक अभियंता आनंद कौशिक ने बताया कि कुछ दिनों से तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब स्थिति में सुधार है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर रोड नंबर-3 में कमर तार लगाकर समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा, जिससे बार-बार तार जलने की समस्या खत्म होगी।

## बरोरा फायरिंग में दो गए जेल, मुखिया पति व पुत्र की तलाश

**धनबाद :** बरोरा थाना क्षेत्र के माथाबांध ग्राउंड के समीप शनिवार की सुबह बरोरा-डुमरा मार्ग पर हुई फायरिंग में घायल पियोर बरोरा निवासी रवींद्र चौहान की स्थिति स्थिर है। मामले में गिरफ्तार अनीश चौहान और विशाल चौहान को रविवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। यह जानकारी पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब ने दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि जख्मी की शिकायत पर मामले में मंदरा की मुखिया के पति शंकर बेलदार और पुत्र गौरव चौहान के अलावा उड़िया पट्टी निवासी कारू बेलदार के पुत्र नीरज उर्फ मोटका और मुराईडीह निवासी दिनेश यादव के पुत्र पवन यादव सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच चल रही है।

आरोपों का सत्यापन होते ही अन्य आरोपियों को भी जल्द पकड़ कर जेल भेजा जाएगा। घटना के बाद बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल, एक कट्टा, चार जिंदा कारतूस और तीन खोखे बरामद किए थे।अनीश और विशाल चौहान पर पिछले साल जून में आर्म्स एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज की गई थी। 29 जून 2025 को रवींद्र चौहान ने ही बरोरा थाना में गौरव, पवन, अनीश, विशाल सहित नौ नामजद के विरुद्ध धारदार हथियार, लोहे की रॉड और पंच से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

## स्वयं को जानने का मार्ग है योग, आत्म समीक्षा ही असली साधना : निरंजनानंद सरस्वती

**धनबाद :** आनंद योगधारा धनबाद की ओर से आयोजित तीन दिवसीय ह्यअध्यात्म में प्रवेश - स्वयं को जानोह्न कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को योग और प्राणायाम का अनूठा संगम देखने को मिला। आईआईटी आईएसएम के पेनमैन हॉल में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योग के शुद्ध, पारंपरिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप को नजदीक से समझा। कार्यक्रम में बिहार योग विद्यालय विश्व योगपीठ, मुंगेर के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती के सानिध्य में साधकों ने योग की विभिन्न क्रियाओं के महत्व को जाना। स्वामी जी ने योग, प्राणायाम और आत्मचिंतन के माध्यम से जीवन को अनुशासित बनाने का संदेश दिया। अपने संबोधन में स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने कहा कि मन पर विजय ही असली योग है। योग का वास्तविक आशय आत्म-समीक्षा है। आध्यात्मिक चेतना मनुष्य को जीवन की अच्छाइयों से जोड़ती है और उसे सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने की समग्र प्रक्रिया है।योग किताबों से नहीं, अनुभव से सीखा जाता हैतपस्या विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जीवन के व्यवहार को बदलना ही सच्ची तपस्या है।

# शादी मंडप में जाने से पहले क्रिकेट के मैदान पर उतरी नमिता, गांव की लड़कियों के लिए खेल के मैदान तक पहुंचने का बनाया नया रास्ता

### रविवार को रांची के चिरुडीह गांव में नमिता एकादश, सीता एकादश और काजल एकादश के बीच खेला गया मिक्स जेंडर क्रिकेट त्रिकोणीय टूर्नामेंट, काजल एकादश 15 रनों से बनी चैंपियन




संवाददाता

**तमाड़/ रांची/ जमशेदपुर :** बढ़ती उम्र की लड़कियां भी खेल के मैदान पर उतरकर खेलना चाहती है, लेकिन तमाम सामाजिक बंधनों के कारण ज्यादातर लड़कियों महिलाओं के लिए यह संभव नहीं। रांची जिले के सुदूर प्रखंड तमाड़ स्थित चिरूडीह गांव की 22 वर्षीय नमिता कुमारी अपने साहसिक फैसले से तमाम लड़कियों के लिए एक मिशाल बन कर उभरी है। नमिता की शादी 3 मई को होने वाली है, लेकिन नमिता ने शादी के मंडप में जाने से पहले क्रिकेट के मैदान पर भी पदार्पण कर अपने गांव के दर्जनों लड़कियों को हौसला दिया कि वह भी खेल के मैदान पर बेहिचक होकर उतर रही है। अब नमिता और गांव की डेढ़ दर्जन लड़कियां खेल के मैदान पर मिक्स जेंडर मैच के दौरान लड़कों के साथ क्रिकेट के मैदान पर उतर रही है। रविवार को चिरूडीह गांव की तीन मिक्स जेंडर टीमों नमिता एकादश, सीता एकादश व काजल एकादश के बीच त्रिकोणीय मिक्स जेंडर टूर्नामेंट खेला गया।

समाज में बालक-बालिका समानता लाने के उद्देश्य से शुरू मिक्स जेंडर क्रिकेट टीम में 6 लड़कियां और 5 लड़के एक साथ एक ही टीम में खेलते है। पिछले दिनों सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक व झारखंड के पैडमैन के नाम से मशहूर तरुण कुमार चिरुडीह गांव पहुंचे थे। माहवारी स्वच्छता व महिला मुद्दों पर आधारित कार्यशाला के दौरान नमिता ने इच्छा जाहिर कि थी वह अपनी शादी से पहले क्रिकेट खेलना चाहती है। बताते चले कि तरुण कुमार ने समाज में जेंडर समानता लाने के उद्देश्य से 2018 से मिक्स जेंडर क्रिकेट अभियान की शुरूआत की थी। जिसके माध्यम से ना सिर्फ लड़कियों को खेलने का मौका मिलता है, वही एक ही टीम में साथ खेलकर लड़के भी बालक-बालिका समानता, महिला सम्मान व साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को सहज ही सीख पाते है। क्रिकेट लिजेंड सचिन तेंदुलकर जी की भी सराहना मिक्स जेंडर क्रिकेट अभियान को 2019 में मिली थी। जिसके बाद झारखंड से शुरू अभियान देश के अन्य राज्यों व देशों तक जा पहुंचा है। नमिता ने शादी से पहले क्रिकेट के मैदान पर उतरने की इच्छा जाहिर कि तभी अन्य लड़कियों ने भी बताया कि वह भी खेलना चाहती है, लेकिन उन्हें कभी इस तरह का मौका नहीं मिला। फिर कप्तान नमिता के नेतृत्व में गांव की मिक्स जेंडर टीम तैयार हो गई, गांव के लड़कों ने भी साथ दिया और रविवार 19 मई की सुबह सभी लड़कियां पहली बार क्रिकेट के मैदान पर उतरी। उस दिन नमिता एकादश और सीता एकादश के बीच दो अभ्यास मैच खेले गए । इस दौरान सभी का उत्साह देखते ही बनता था। रविवार 26 मई की सुबह गांव की अन्य लड़कियां भी खेल के मैदान पर आ पहुंची, और काजल के नेतृत्व में तीसरी मिक्स जेंडर क्रिकेट टीम काजल एकादश भी मैदान में उतरी। रविवार को त्रिकोणीय मिक्स जेंडर क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन हुआ। जिसमें लीग, क्वालीफायर और फाइनल मुकाबले खेले गए। सीता एकादश ने लीग मैच के दोनों मैच जीतकर सीधे फाइनल में जगह बनाई, वही नमिता एकादश और काजल एकादश के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला सीता एकादश और काजल एकादश के बीच खेला गया। फाइनल में काजल एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 5 ओवर्स में कुल 62/2 का स्कोर बनाते हुए सीता एकादश को 63 रनों का लक्ष्य दिया। सीता एकादश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवर्स में 47/5 का ही स्कोर बना सकी, और काजल एकादश ने अपने गांव में खेला गया पहला त्रिकोणीय मिक्स जेंडर टूनामेंट 15 रनों से जीत लिया।

रांची के चिरूडीह गांव में खेला गया पहला मिक्स जेंडर टूनामेंट इसलिए भी अनोखा रहा, क्योंकि यह गांव की लड़कियों के खेलने की इच्छा और उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। सुबह 7:00 बजे से शुरू टूनामेंट दोपहर 11:30 बजे तक जारी रहा। तेज गर्मी व धूप ने भी लड़कियों के उत्साह को कम नहीं होने दिया, मैदान पर उतरी लड़कियों ने बताया कि धूप तो बढ़ रही है, लेकिन वह उनके खेलने के उत्साह को कम नहीं कर सकती। लड़कियों का यह अभिव्यक्ति कई सामाजिक मानदंडों पर भी सवाल खड़ी करती है। समूचे आयोजन में सोहराय आर्टिस्ट मनीष महतो, शिक्षाविद् आकाश महतो, जेंडर कार्यकर्ता सोमाय लोहार, पुष्कर महतो, पवन, आशीष, पंकज, बादल, नरेंद्र और अन्य युवा साथियों की प्रमुख भूमिका रही। अब अगले रविवार 3 मई को नमिता की शादी खूंटी के उलिहातु के मंगल मुंडा के साथ होने वाली है। नमिता ने बताया कि शादी के बाद भी मैदान पर उतरने का यह क्रम जारी रहेगा। उन्होंने अपने टीम की कमान साथी खिलाड़ी लक्ष्मी को सौंप दिया है। नमिता की यह प्रेरक कहानी हमारे समाज की उन लाखों लड़कियों का प्रतिनिधित्व करती है, जो मैदान पर उतरने की, खेलने की इच्छा तो रखती है, लेकिन तमाम सामाजिक बंधन व रूढ़िवादी सोच उनका रास्ता रोकती है। लेकिन नमिता जैसे मजबूत संकल्प, साहस और लड़कियों के एकजुटता की बदौलत एक नई राह भी निकल सकती है। वही मिक्स जेंडर क्रिकेट न्यूनतम संसाधनों व जनभागीदारी से ही समाज में बदलाव की नई तकदीर लिख सकता है।

## स्कूलों में पेयजल और ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित हो : समीर पूर्ति

संवाददाता

**बंदगांव :** झारखंड में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा स्कूलों के समय में किए गए बदलाव का समाज के विभिन्न वर्गों ने स्वागत किया है. इसी क्रम में जाने-माने समाजसेवी समीर पूर्ति ने सरकार के इस निर्णय को 'सकारात्मक और समय की मांग' बताया है.उन्होंने कहा कि अप्रैल के महीने में ही तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, उससे स्कूली बच्चों, विशेषकर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ने की आशंका थी. दोपहर की चिलचिलाती धूप में बच्चों का स्कूल से घर लौटना जोखिम भरा था.सरकार ने समय सारणी में



बदलाव कर बच्चों को लू और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचाने का सराहनीय कार्य किया है.समाजसेवी श्री पूर्ति ने आगे कहा कि सुबह की पाली (मॉर्निंग शिफ्ट) में स्कूल संचालित होने से छात्र ताजगी महसूस करते हैं और बेहतर ढंग से शिक्षा ग्रहण कर पाते हैं.यह निर्णय न केवल छात्रों, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के हित में भी है, जिन्हें भीषण दोपहर में आवागमन करना पड़ता था.श्री महतो ने स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग से यह भी आग्रह किया है कि स्कूलों में शुद्ध पेयजल और ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो. उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के प्रति इस संवेदनशील निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया है.मालूम रहे कि सरकार ने विद्यालय का समय मे बदलाव करते हुए 7 बजे से 11.30 बजे तक कर दिया है. पूर्व में 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्कूल का समय था.

## बार एसोसिएशन के महासचिव ने अधिवक्ता अंजली शर्मा को किया सम्मानित



संवाददाता

**चाईबासा :** जिला बार एसोसिएशन चाईबासा की अधिवक्ता अंजली शर्मा को नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी जमशेदपुर में संपन्न हुए दीक्षांत समारोह में वकालत की डिग्री में गोल्ड मेडल प्राप्त करने को लेकर शनिवार को जिला बार एसोसिएशन चाईबासा के महासचिव फादर अगस्तिन कुल्लू ने सम्मानित किया। वही महासचिव ने अधिवक्ता अंजली शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष केसर परवेज, सरकारी वकील पवन शर्मा,अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, संतोष गुप्ता, संजीव ठाकुर, प्रदीप शर्मा, सरफराज खान, अभिषेक राय के अलावा अन्य अधिवक्तागण मौजूद थे।

## शहर के कई क्षेत्रों में घंटों बिजली संकट से परेशानी

**धनबाद :** डीवीसी की खराबी से शहरी क्षेत्र में रविवार को घंटों बिजली गुल रही। इससे लोग परेशान रहे। बिजली शाम पांच बजे कटी जो रात नौ बजे के बाद आई, तब जाकर लोगों को राहत मिली। शाम के वक्त लगातार चार घंटे तक बिजली नहीं होने से लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा। सहायक अभियंता सुजित कुमार का कहना है कि डीवीसी ने अपने पुटकी सब स्टेशन में मेंटेनेंस कार्य को लेकर कटौती की। इस कारण पुराना बाजार, गांधी नगर, मनईटांड़, कुम्हारपट्टी, दुहाटांड़, धनसार, जोड़ा फाटक, बरमसिया, भूली, वासेपुर सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली संकट छाया रहा।

## सीआईएसएफ ने अवैध कोयला लोड मिनी हाइवा जब्त कर बरोरा पुलिस को सौंपा

संवाददाता

**बरोरा :** बरोरा क्षेत्रीय सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम ने शनिवार देर रात एएमपी कोलियरी के बंद फीडर ब्रेकर के समीप कोल ट्रांसपोर्टिंग रोड में छापेमारी कर अवैध कोयला लदा एक मिनी हाइवा गाड़ी (ट्रिपर) जब्त किया। जब्त गाड़ी बिना नंबर का बताया जा रहा है, जिसमें लगभग 3 से 4 टन चोरी का कोयला लोड था और वह चोरी-छिपे कोलियरी से बाहर निकल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मिनी हाइवा गाड़ी शनिवार की देर रात्रि 10.40 पर पियोर बरोरा की ओर से निकल कर मुराईडीह स्थित बंद फीडर ब्रेकर के समीप ट्रांसपोर्टिंग रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान रात्रि गश्ती में तैनात क्यूआरटी टीम की नजर उस पर पड़ी।

टीम को देखते ही वाहन चालक गाड़ी को वहीं छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। सीआईएसएफ ने जब्त गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर रविवार सुबह किसी तरह बिना चाभी के स्टार्ट कर बरोरा थाना लाया और पुलिस को सौंप दिया। बरोरा पुलिस ने सीआईएसएफ के उप निरीक्षक राजेश्वर कुमार के लिखित शिकायत पर अज्ञात गाड़ी मालिक और अज्ञात चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार पियोर बरोरा और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों अवैध कोयला कारोबार का जाल फैला हुआ है। यहां अवैध कोयला का कई मिनी डिपो संचालित किए जा रहे हैं, जहां पहले चोरी का कोयला जमा किया जाता है और बाद में रात के अंधेरे में मिनी हाइवा गाड़ी के जरिए बाहर भेज दिया जाता है। इस पूरे नेटवर्क के पीछे कोयला तस्करों का संगठित सिंडिकेट सक्रिय बताया जा रहा है।

## 2500 दीपकों से जगमगाया मिथिला सांस्कृतिक परिषद

**जमशेदपुर :** मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से विधापति परिसर गोलमुरी में जानकी नवमी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां जानकी की पूजा से हुई। पूनम झा, माला चौधरी और अन्य मिथिलानियों ने सामूहिक पूजा की। समाज के लोगों ने मिलकर सामूहिक भगवती वंदना गाई। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नीलम झा और अन्य महिलाओं ने पारंपरिक मैथिली गीत गाए।इस अवसर पर जानकी जी से संबंधित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। राधा और उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में मानगो निगम की मेयर सुधा गुप्ता, डीएसपी जेपी अरुणा मिश्रा, रेवा चौधरी और पतंजली योग संस्थान की प्रभारी सुधा झा उपस्थित रहीं।

सम्मानित अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। स्वागत भाषण माला चौधरी ने दिया।कार्यक्रम का संचालन कवि श्री और पुष्पांजलि मिश्रा ने किया। समाज की वरिष्ठ महिलाओं का फूल बुके देकर सम्मान किया गया। अन्नपूर्णा झा और श्रीलता पाठक ने मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष मोहन ठाकुर, महासचिव धर्मेश कुमार झा (लड्डू), कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार झा और कार्यक्रम प्रभारी पंकज राय को सम्मानित किया। सरिता चौधरी ने नृत्य प्रस्तुत किया। कोहबर प्रतियोगिता, अरीपन प्रतियोगिता, मिथिला पेंटिंग और 2500 दीपकों से परिसर को सजाया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में पिंकी, रीता झा, निशा झा, सुनीला जी, मनीषा भास्कर, ममता झा, रुपम झा और निर्मल मिश्रा का अहम योगदान रहा। अंत में विभा राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कराईकेला में 91 वर्षों की अटूट परंपरा: 16 प्रहर का अखंड श्री श्री हरि संकीर्तन शुरू, कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** पश्चिम सिंहभूम जिला के कराईकेला पंचायत के स्थानीय कुम्हारसाईं स्थित 'श्री श्री हरि संकीर्तन पूजा समिति' के तत्वावधान में सोमवार को 91वें वार्षिक 16 प्रहर अखंड श्री श्री हरि संकीर्तन का विधिवत शुभारंभ हुआ। भक्ति और श्रद्धा के इस महाकुंभ की शुरूआत गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई। श्रद्धालु हरि मंदिर नदी पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना के पश्चात पवित्र जल लेकर मंदिर परिसर लौटे, जिसके बाद अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ। तीन राज्यों की मंडलियों का संगमः समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को भव्य बनाने के लिए तीन राज्यों–झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा–की नामचीन संकीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। भक्तों को श्री जादू सिंह मुंडा, श्री



मनोज दास (ओडिशा), श्री दिलेश्वर प्रधान (झारखंड), और श्री नित्यानंद गोस्वामी (प. बंगाल) के भजनों का आनंद मिलेगा। विशेष आकर्षण के रूप में पश्चिम बंगाल की मनोहारी महिला संप्रदाय (श्री बबलू प्रधान) द्वारा भी हरि नाम का गुणगान किया जा रहा है।कार्यक्रम की रूपरेखाः 27 अप्रैलः कलश यात्रा एवं अखंड संकीर्तन का प्रारंभ। 28 अप्रैलः दिन-रात अखंड संकीर्तन एवं विशेष रात्रि जागरण। 29 अप्रैलः नामयज्ञ का समापन एवं पारंपरिक 'दधि-कादो' (धूलोट) उत्सव, जिसमें पूरा क्षेत्र भक्ति के रंगों में सराबोर होगा। समिति का संदेशः श्री श्री हरि संकीर्तन पूजा समिति, कुम्हारसाईं ने समस्त क्षेत्रवासियों और धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करें। समिति के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि 1935 से चली आ रही यह परंपरा क्षेत्र में शांति, सुख और समृद्धि लेकर आएगी।